पौष कृष्ण - 9 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 161 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | चेन्नई » शुक्रवार » 05-01-2024 | ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 दक्षिण अफ्रीका हमेशा हमें चुनौती देता है, पर इस प्रदर्शन पर गर्व कर सकते हैं: रोहित शर्मा

6 पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

7 वरुण धवन की नई दुल्हनिया बनेंगी जाह्नवी कपूर!




## फर्स्ट टेक

### मध्य बगदाद में ईरान समर्थित मिलिशिया नेता की हवाई हमले में मौत

**बगदाद/एपी।** मध्य बगदाद में ईरान समर्थित मिशिलिया के साजो सामान संबंधी मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को किए गए हवाई हमले में संगठन के एक वरिष्ठ कमांडर की मौत हो गई। मिलिशिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब इज़राइल–हमास जंग को लेकर पहले ही क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और अंदेशा जताया जा रहा है कि संघर्ष आसपास के देशों में फैल सकता है। 'पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स' (पीएमएफ) ने एक बयान में कहा कि बगदाद में उसके उप प्रमुख (अभियान) मुश्ताक तालिब अल–सईदी या 'अबू तकवा' की अमेरिका के बर्बर हमले में मौत हो गई है। पीएमएफ मिलिशिया का एक गठबंधन है जो नाममात्र को इराकी सेना के नियंत्रण में है।

### 'कतर की सर्वोच्च अदालत में 60 दिन के भीतर अपील की जाएगी'

**नई दिल्ली/वार्ता।** कतर में सज़ायाफ्ता भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की सज़ा के खिलाफ़ वहां की सर्वोच्च अदालत में 60 दिन के भीतर अपील की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में कतर की अपीलीय अदालत के 28 दिसंबर के फैसले के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारी कानूनी टीम के पास कतर की अपीलीय अदालत का आदेश है जो गोपनीय है। कतर की सर्वोच्च अदालत में अपील करने के लिए 60 दिन का समय है। हम सर्वोच्च अदालत में अपील करेंगे। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं। उल्लेखनीय है कि कतर में जासूसी के आरोप में आठ पूर्व नौसैनिक अधिकारियों की मौत की सज़ा के मामले में 28 दिसंबर को अपीलीय अदालत ने अपना फैसला सुनाया और उनकी सज़ा को अलग अलग कारावास में बदल दिया गया। यूक्रेन रूस युद्ध के बीच भारत निर्मित तोप के गोले मिलने की रिपोर्टों पर जब स्पष्टीकरण मांगा गया तो जायसवाल ने साफ शब्दों में कहा, हमने यूक्रेन को तोपखाने का कोई गोला–बारूद नहीं भेजा है।

| सूर्यास्त 05-01-2024 | सूर्योदय 06-01-2024 |
|---|---|
| 5:55 बजे | 6:32 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,847.57 | 21,658.60 |
| (+490.97) | (+141.25) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,577 रु. | 80,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# राजनीति को राष्ट्र के विकास में बाधा नहीं बनना चाहिए : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रतीक नागरिक को राजनीति में भाग लेने का अधिकार है लेकिन राजनीति को राष्ट्र के विकास में बाधा नहीं बनना चाहिए।

धनखड़ ने जम्मू–कश्मीर में शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 और 35 ए लोकतांत्रिक प्रणाली में बाधा थे। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब भारतीय संविधान का हिस्सा नहीं है। यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का



सपना है जो वास्तविकता में बदल गया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को राजनीति में भाग लेने का अधिकार है, लेकिन राजनीति को प्रगति में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के सचिव डॉ. एन कलैसेलवी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

धनखड़ ने कहा कि संविधान का एक अस्थायी प्रावधान राष्ट्र के लिए हानिकारक हो गया, जिससे एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो गया जिसने क्षेत्र के लोगों को विकलांग बना दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर में समाज के जिन वर्गों को पहले सरकारी योजनाओं के तहत उनके अधिकारों और लाभों से वंचित किया गया था, अब उनकी आवाज बुलंद है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब संविधान का हिस्सा नहीं रहा है।

धनखड़ ने कठुआ में एक अन्य कार्यक्रम उत्तर भारत में उभरते स्टार्टअप रुख पर बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो के उद्घाटन को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की वृद्धि और प्रगति के लिए शांति और स्थिरता, समानता, पारदर्शिता और जवाबदेही, महत्वपूर्ण है।

## कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली यात्रा का नाम बदलकर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' रखा

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक 14 जनवरी से शुरू होने वाली यात्रा का बृहस्पतिवार को नाम बदलकर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कर दिया। यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश सहित 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। यहां कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में पार्टी महासचिवों, राज्य प्रभारियों, राज्य इकाई प्रमुखों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी घोषणा की। पहले इसका नाम 'भारत न्याय यात्रा' था। रमेश ने कहा कि कांग्रेस विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को इस यात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रही है और बताया कि इसके लिए निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6,713 किलोमीटर से अधिक की यात्रा बसों के जरिये और पैदल तय की जाएगी।

## ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीव/वार्ता।** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश के नियम कानून से क्या ऊपर हैं? वह बतायें कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं? उन्होंने केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी किये जाने और आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला क्लीनिकों में भ्रष्टाचार के आरोपों पर यह प्रतिक्रिया दी।



ठाकुर ने केजरीवाल को कट्टर भ्रष्टाचारी करार दिया और कहा, राजनीति में आने से पहले कट्टर ईमानदारी की डींगें हांकने वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार आज सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी और सरकार के रूप में सामने आई है। उके एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कई लोगों को कट्टर ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा, उनमें से एक को भी अदालत जमानत नहीं दी रही है। उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद सभी जेलों में कैद हैं। अरविंद केजरीवाल आज लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले, अराजकता, भ्रष्टाचार फैलाने वाले और संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाने वाले नेता के तौर पर प्रसिद्ध हो चुके हैं। अरविंद केजरीवाल का भी इन सभी भ्रष्टाचारों में हाथ है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का पहले फर्जी दवाइयों का घोटाला सामने आया और अब फर्जी टेस्टिंग के नाम पर भी घोटाले की बात सामने आ रही है।

## राकांपा विधायक ने दिया भगवान श्री राम पर विवादित बयान

### भाजपा ने की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिरडी (महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)– शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अव्हाड के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है कि भगवान राम मांसाहारी थे और पशुओं का शिकार करते थे। अव्हाड के इस बयान के बाद भाजपा के विधायक और अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के विरोधी गुट ने उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

अव्हाड ने कहा कि उन्होंने मामले का अध्ययन किए बिना कुछ नहीं कहा था, फिर भी अगर



उन्होंने किसी की भावनाएं आहत की हैं, तो वह ''खेद'' जताते हैं।

पश्चिम महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी में बुधवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में अव्हाड ने कहा था कि भगवान राम बहुजनों से संबंध रखते हैं।

महाराष्ट्र में 'बहुजन' शब्द का उपयोग पारंपरिक तौर पर हिंदू समाज के गैर–ब्राह्मण वर्गों, विशेष रूप से निचले तबकों के लिए किया जाता है।

राकांपा विधायक ने कहा था, वह (भगवान राम) शिकार करके खाया करते थे। वह हमारे, बहुजनों के थे। आप (भाजपा) हमें शाकाहारी बना रहे हो, (लेकिन) हम राम के उदाहरण को मान रहे हैं और मटन खा रहे हैं। अव्हाड ने कहा, राम शाकाहारी नहीं थे, वह मांसाहारी थे। 14 वर्ष वनवास में रहने वाले व्यक्ति को शाकाहारी भोजन कहां मिलता होगा?''

कार्यक्रम में राकांपा प्रमुख शरद पवार भी मौजूद थे।

बुधवार शाम को अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के कार्यकर्ताओं ने ठाणे में अव्हाड के आवास के पास विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की।

## भारत व नेपाल के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर

### जयशंकर और उनके नेपाली समकक्ष के बीच सार्थक बातचीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**काठमांडू/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके नेपाली समकक्ष एनपी सउद ने बृहस्पतिवार को ''व्यापक एवं सार्थक बातचीत'' की और इस दौरान दोनों देशों के बीच अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जयशंकर दो दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। वर्ष 2024 में जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा है। जयशंकर ने सउद के साथ भारत–नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक की सह–अध्यक्षता की।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बातचीत हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और आर्थिक संबंधों, भूमि, रेल एवं हवाई संपर्क परियोजनाओं, रक्षा और सुरक्षा में



सहयोग, कृषि, ऊर्जा, बिजली, जल संसाधन, आपदा प्रबंधन, पर्यटन, नागरिक उड्डयन, लोगों के बीच संपर्क पर केंद्रित रही।

दोनों नेताओं ने सीमा पार तीन पारेषण लाइन का भी संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों, कनेक्टिविटी, व्यापार और पारगमन, बिजली और जल संसाधन, शिक्षा, संस्कृति और राजनीतिक मामलों पर भी चर्चा हुई।

जयशंकर ने इससे पहले नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' से शिष्टाचार मुलाकात की।

प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बिजली निर्यात पर सहमति बनी थी। प्रचंड पिछले साल 31 मई से तीन जून तक भारत यात्रा पर थे। उस समय दोनों पक्षों ने कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे, जिनमें पड़ोसी देश से भारत के बिजली आयात को अगले 10 वर्ष में मौजूदा 450 मेगावाट से बढ़ाकर 10,000 मेगावाट करने का समझौता भी शामिल था।

> ▪ दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों, कनेक्टिविटी, व्यापार और पारगमन, बिजली और जल संसाधन, शिक्षा, संस्कृति और राजनीतिक मामलों पर भी चर्चा हुई।

## तालिबान ने सही तरीके से हिजाब नहीं पहनने पर महिलाओं को गिरफ्तार किया

**काबुल/एपी।** तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी में 'सही तरीके से हिजाब नहीं' पहनने के आरोप में कई महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आचरण संबंधी मंत्रालय के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तालिबान की हुकूमत की ओर से जारी किए गए 'ड्रेस कोड' का पालन नहीं करने पर महिलाओं के खिलाफ की गई कार्रवाई की पहली बार पुष्टि हुई है। तालिबान 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता में लौटा था।



मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल गफ्फार फारूक ने यह नहीं बताया कि कितनी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि सही तरीके से हिजाब नहीं पहनने का मतलब क्या है। मई 2022 में तालिबान ने एक फरमान जारी कर महिलाओं से कहा था कि वह सिर्फ अपनी आंखें दिखा सकती हैं और उन्हें सिर से पैर तक बुर्का पहनने को कहा था। इसी तरह की पाबंदियां तालिबान के 1996 से 2001 के शासन के दौरान भी थी। फारूक ने कहा कि महिलाओं को तीन दिन पहले गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी समाचार एजेंसी 'एसोसिएटिड प्रेस' को भेजे 'वाइस नोट' में उन्होंने कहा कि मंत्रालय को इस तरह की शिकायतें मिली थी कि महिलाएं राजधानी और प्रांतों में ठीक तरीके से हिजाब नहीं पहन रही हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने महिलाओं को 'ड्रेस कोड' का ठीक से पालन करने की सलाह दी थी और जब वे ऐसा करने में नाकाम रहीं तो उन्हें गिरफ्तार करने के लिए महिला पुलिस अधिकारियों को भेजा गया।

# अमित शाह ने तुअर दाल खरीद पोर्टल किया पेश, 2027 तक दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दलहनों के मामले मे दिसंबर 2027 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को तुअर दाल खरीद पोर्टल (मंच) की शुरुआत की। इस पोर्टल के जरिये किसान खुद को पंजीकृत कराने के साथ न्यूनतम समर्थनम मूल्य (एमएसपी) अथवा बाजार मूल्य पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपने उत्पाद बेच सकते हैं। शाह ने कहा कि भविष्य में उड़द और मसूर दाल के किसानों के साथ–साथ मक्का किसानों के लिए भी इसी तरह की सुविधा शुरू की जाएगी।

मंत्री ने मंच के माध्यम से तुअर की बिक्री के भुगतान के लिए 25 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये करीब 68 लाख रुपए हस्तांतरित भी किए।




सहकारी राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) जैसी दो केन्द्रीय नोडल एजेंसियां दलहन का 'बफर स्टॉक' रखने के लिए सरकार की ओर से दलहनों की खरीद करती हैं'। जब दलहन की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर जाती हैं तो ये एजेंसियां मूल्य समर्थन योजना के तहत भी दलहनों की खरीद करती हैं।

पोर्टल की पेशकश के बाद, शाह ने कहा कि बुवाई कार्य से पहले तुअर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपनी उपज बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकृत तुअर किसानों के पास नेफेड/एनसीसीएफ या खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा। अगर तुअर दाल का खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से अधिक होता है, तो उस स्थिति में एक विधि के जरिये औसत दर निकाली जाएगी। भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किया जाएगा।

शाह ने कहा कि अधिकतर किसान दालों की खेती नहीं कर रहे हैं क्योंकि कीमतें सुनिश्चित नहीं होतीं। मंच के जरिये खरीद के साथ यह पहल कृषि क्षेत्र में एक बड़ा सुधार लाएगी और दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, तुअर की खरीद किसानों से की जाएगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।

यह ध्यान देने योग्य है कि तुअर दाल खरीद पोर्टल ऐसे समय में आया है जब दलहन खेती के रकबे में गिरावट के मद्देनजर खरीफ सत्र 2023–24 में घरेलू तुअर उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष कम होने का अनुमान है।

## महादेव ऐप मामला : ईडी ने किया नया आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली/रायपुर/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के जरिये गैरकानूनी सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में रायपुर की विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दाखिल किया।

आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघीय एजेंसी ने दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोप) को दुबई के अधिकारियों से भी साझा किया है ताकि ऐप के दो प्रमुख प्रवर्तकों रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का निर्वासन या प्रत्यर्पण कराया जा सके। दोनों को हाल में ईडी की पहल पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस के तहत दुबई में हिरासत में लिया गया था। माना जा रहा है कि एजेंसी ने पहले आरोप पत्र की सामग्री संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों से साझा की थी जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया और इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### घाटी के दुश्मन

दहशतगर्दों के चक्कर में,
है परेशान सारा सूबा।
अलगाववादियों का रुख ही,
घाटी वालों को ले डूबा।
नेताओं की खुदगर्जी से,
कश्मीरी जनमन भी ऊबा,
खामोश रहो अब उमर मियां,
ना मुफ्त बको तुम महबूबा।।




# सर्वश्रेष्ठ उत्पादन संयंत्र के रूप में सम्मानित हुआ रेल पहिया कारखाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के यलहंका स्थित रेल पहिया कारखाने (रेपका)में 68वां रेलवे सप्ताह समारोह मनाया गया। 2023 में आरडब्ल्यूएफ को भारतीय रेलवे में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन संयंत्र के लिए रोलिंग शील्ड से सम्मानित किया गया। यह शील्ड रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 68वें रेलवे सप्ताह केन्द्रीय समारोह में भेंट की। इस विशिष्टता को प्राप्त करने और इसके लिए प्रमुख योगदानकर्ताओं कर्मचारियों को आरडब्ल्यूएफ ने रेलवे सप्ताह पुरस्कार के अंतर्गत महाप्रबंधक द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और रेल सेवा पुरस्कार से सम्मान किया।

ज्ञातव्य है कि आरडब्ल्यूएफ ने वर्ष 2023 में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन 1.91 लाख पहिए, 92,000 एक्सल और 81,500 व्हीलसेट् का उत्पादन किया है। इस अवधि में वंदे भारत एक्सल और वंदे मेट्रो एक्सल का भी निर्माण किया गया।

महाप्रबंधक ने कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए आरडब्ल्यूएफ उत्पादों की चुनौतियाँ और लगातार बढ़ती मांग को हासिल करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया।

# फर्जी लैब परीक्षण मामले से केजरीवाल का असली चेहरा हुआ बेनकाबः भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना की ओर से आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के मोहल्ला क्लीनिकों में कथित फर्जी लैब परीक्षण और फर्जी मरीजों की सीबीआई जांच की सिफारिश किए जाने के बाद उनका 'असली चेहरा' बेनकाब हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले आप को एक और झटका उस वक्त लगा जब सक्सेना ने निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा संचालित आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की ओर से फर्जी नैदानिक परीक्षणों के परामर्श दिए जाने के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का आदेश दिया। सक्सेना ने कुछ दिन पहले ही दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में 'गुणवत्ता मानक परीक्षण' में विफल रही दवाओं की कथित आपूर्ति करने के मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अब तक केवल शराब घोटाला हुआ था, अब मेडिकल घोटाला हुआ है। ईमानदार होने का दावा करने वाले 'स्वघोषित भारत रत्न' ने यह (घोटाला) किया है। उन्होंने आरोप लगाया, विपश्यना ध्यान से लेकर चुनाव प्रचार तक के तमाम ड्रामे के बीच एक ईमानदार (नेता) का चरित्र पूरी तरह बर्बाद हो गया है क्योंकि उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की है।

उन्होंने कहा, यह बहुत स्पष्ट हो गया है कि आपने पहले मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किया, शुरू में सामान्य परीक्षण शुरू किए और फिर बड़े परीक्षणों की व्यवस्था की और अंततः इन सभी चीजों को एक निजी संस्था को आउटसोर्स कर दिया। यह कुछ-कुछ वैसा ही है जैसा शराब घोटाले में हुआ था।

# देश के 8 प्रमुख शहरों में 2023 में घरों की बिक्री 33% बढ़कर 4.11 लाख इकाई पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** देश के आठ प्रमुख शहरी बाजारों में 2023 में घरों की बिक्री 33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4.11 लाख इकाई हो गई। आवास ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार, इन शहरों में इस दौरान नए घरों की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5.17 लाख इकाई पर पहुंच गई।

हाउसिंग.कॉम के स्वामित्व वाली आरईए इंडिया का हिस्सा प्रॉपटाइगर ने बृहस्पतिवार को 'रियल इनसाइट' रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल आठ प्रमुख शहरों में आवास बिक्री 33 प्रतिशत बढ़कर 4,10,791 इकाई हो गई, जो 2022 में 3,08,942 इकाई थी। फर्म ने कहा कि 2013 के बाद यह सर्वाधिक आंकड़ा है। 2013 में रिकॉर्ड 4,50,361 घर बिके थे। इस दौरान नए घरों की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़कर 5,17,071 इकाई हो गई, जो 2022 में 4,31,510 इकाई थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विकास वाधवान ने कहा, बढ़ती ब्याज दरें, बढ़ती लागत और वैश्विक अनिश्चितताओं जैसी शुरुआती चुनौतियों के बीच रियल एस्टेट की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद उद्योग ने असाधारण मजबूती का प्रदर्शन किया। कोविड-19 महामारी के बाद दबी मांग ने एक प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में काम किया, जिसने संपत्ति बाजार को अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचा दिया। दरों में बढ़ोतरी रोकने के आरबीआई के फैसले ने खरीदार का विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले साल के बिक्री आंकड़ों की 2022 से तुलना करें तो मुंबई में आवास बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 1,41,480 इकाई हो गई, जो 2022 में 1,09,677 इकाई थी।



# हनुमंतनगर के परमेष्ठी जाप मण्डल ने की तीर्थ यात्रा व मानवसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गत 23 वर्षो से मासिक नवकार जाप करती आ रही परमेष्ठी जाप मण्डल की महिलाओं ने देवनहल्ली स्थित सिद्धाचल तीर्थ में विराजित आचार्यश्री चन्द्रयशसूरीश्वरजी के दर्शन का लाभ लिया। इस मौके पर आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य गति को व्यर्थ नहीं करना चाहिए।

केवल सामायिक या पूजा कर लेने से मोक्ष की प्राप्ति नहीं होगी अपितु अपनी आत्मा का अवलोकन करते हुए भाव से प्रभु की उपासना करने से मोक्ष मिलेगा। भगवान महावीर के इस शासन में दान, शील, तप और भाव से साधना करनी होगी। दान की महिमा बताते हुए सिद्धाचल पर सात क्षेत्र, देवद्रव्य, श्रुत भक्ति, वैयावच्च, साधर्मिक भक्ति, प्राचीन तीर्थोद्धार, जीवदया एवं अनुकम्पा में दान की प्रेरणा की जिसमें सभी सदस्याओं ने अपना सहयोग दिया। इसके अलावा सुमंगला सेवा आश्रम, हेब्बाल में बालिकाओं के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया।

# चेयरपर्सन के बारे में बर्मन की भ्रामक जानकारी सचाई से कोसों दूर : रेलिगेयर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

RELIGARE

**नई दिल्ली/भाषा।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने बृहस्पतिवार को बर्मन परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके द्वारा हाल ही में सार्वजनिक मंच में साझा की गई भ्रामक जानकारी में कोई सचाई नहीं है और यह बिना सबूत के झूठे दावों के समान है।

बर्मन परिवार ने बुधवार को कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) के जरिये रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की चेयरपर्सन रश्मि सलूजा को रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड के आठ प्रतिशत शेयरों के आवंटन की जांच की मांग की थी।

आरईएल में करीब 21.24 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले बर्मन परिवार ने आवंटन को ''दुर्भाग्यपूर्ण'' बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया ''प्रबंधन और स्वतंत्र निदेशकों की स्वतंत्रता पर सवालिया निशान उठाती है। बर्मन परिवार के आरोपों का खंडन करते हुए आरईएल निदेशक मंडल और स्वतंत्र निदेशकों ने बयान में कहा, ''बर्मन द्वारा सार्वजनिक मंच पर साझा की गई हालिया भ्रामक जानकारी में कोई सचाई नहीं है और यह बिना किसी सबूत के झूठे दावों के समान है। इस तरह की गलत सूचना शेयरधारक मूल्य पर प्रभाव डालती है और भारतीय कॉरपोरेट नैतिकता में भरोसे को कम करती है। इससे तत्काल निपटा जाना चाहिए। बयान में कहा गया, आरईएल एक पेशेवर रूप से प्रबंधित कंपनी है जो देश के नियामकों द्वारा गहनतम जांच के साथ काम करती है। ''हमें नियामकों तथा प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए और कंपनी को अपनी पूरी क्षमता से काम करने की अनुमति देनी चाहिए।



# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए काटी गई थीं बरगद की शाखाएं, भाजपा व युवा कांग्रेस-केएसयू के कार्यकर्ता भिड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**त्रिशूर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हुए कार्यक्रम के लिए बनाए गए मंच पर युवा कांग्रेस-केएसयू के कार्यकर्ताओं द्वारा गोबरयुक्त पानी का छिड़काव करने की कोशिश को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से कड़ी आपत्ति जताए जाने के बाद बृहस्पतिवार को तनाव बढ़ गया। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में तनाव तब बढ़ गया जब युवा कांग्रेस और केरल छात्र संघ (केएसयू) के कार्यकर्ताओं ने मोदी के कार्यक्रम के लिए सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम स्थल के पास एक बरगद के पेड़ की शाखाओं को काटने का विरोध करते हुए थेक्किंकडु मैदान की ओर मार्च निकाला।

मोदी के कार्यक्रम के लिए बनाए गए मंच को हटाने में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस मार्च का विरोध किया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने स्थिति को शांत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया और क्षेत्र में व्यवस्था बहाल करते हुए दोनों समूहों को तितर-बितर करने के लिए उसे बल प्रयोग करना पड़ा। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। वहां मौजूद अफसरों ने दोनों समूहों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस और केएसयू के कार्यकर्ताओं को मौके से हटा दिया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि यह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम स्थल के पास बरगद के पेड़ की शाखाओं को काटने के जवाब में था। बुधवार को भाजपा की ओर से आयोजित मोदी के कार्यक्रम के कारण सुरक्षा उपायों के तहत शाखाओं को काटा गया था।



# जीतो केकेजी जोन की महिला टीम राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो के इतिहास में महिलाओं के लिये प्रथम बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जीतो लेडीज़ प्रीमियर लीग में भाग लेनें के लिये केकेजी ज़ोन वारियर्स महिला टीम कोलकाता के लिए रवाना हुई। महिला क्रिकेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीतो के सभी ज़ोनों की टीमें भाग ले रही है। केकेजी ज़ोन अध्यक्ष अशोक सालेचा व महामंत्री दिलीप जैन ने महिला टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि आत्मविश्वास से भरपूर टीम प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

केकेजी ज़ोन महिला विंग संयोज़िका यश्मा जैन ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। महिला टीम को एक माह का कड़ा प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक दीपक जैन के अनुसार महिलाओं ने नियमित रूप से अभ्यास किया है जिसके सुखद परिणाम मिलेंगे। जीतो के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि टीम केकेजी वारियर्स में सम्मिलित 12 खिलाड़ियों की अगुआई चहल चोपडा कर रही है तथा श्वेता राखेचा उप कप्तान की जिम्मेदारी निभा रही है।

टीम खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु जीतो बेंगलूरु साउथ महिला अध्यक्ष सुनीता गांधी, नॉर्थ महिला अध्यक्ष बिंदु रायसोनी, संयोजिका साक्षी नाहर, सोमना सिसोदिया, राशि जैन टीम के साथ रहेंगी।

# वीडियोः महाराष्ट्र के मंत्री को पुलिस से उपद्रवियों की 'हड्डी तोड़ने' के लिए कहते सुना गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री अब्दुल सत्तार का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित डांस शो में उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए कथित तौर पर पुलिस से लाठी चार्ज करने और उनकी 'हड्डियां तोड़ने' के लिए कहते सुने जा सकते हैं।

घटना बुधवार रात को सिल्लोड कस्बे की है जब मशहूर नृत्य कलाकार गौतमी पाटिल प्रस्तुति दे रही थीं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता सत्तार छत्रपति संभाजीनगर की सिल्लोड विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह राज्य सरकार में अल्पसंख्यक विकास मंत्री हैं। वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने सत्तार की भाषा को लेकर उन पर निशाना साधा है। वीडियो में सत्तार को मंच से माइक से पुलिस को निर्देश देते देखा जा सकता है। वीडियो क्लिप में पुलिस को कुछ दर्शकों पर हल्का लाठीचार्ज करते हुए भी देखा जा सकता है। पाटिल अपनी लावणी नृत्य प्रस्तुतियों के लिए महाराष्ट्र के युवाओं में मशहूर हैं। सत्तार के जन्मदिन पर सिल्लोड में उनकी प्रस्तुति आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक आए थे और हंगामे की स्थिति बन गई थी। वीडियो में शुरू में सत्तार को लोगों से बैठने की अपील करते देखा जा सकता है और बाद में हालात काबू में नहीं आने पर उन्होंने पुलिस को लाठियों का इस्तेमाल करने को कहा। वीडियो में वह कहते सुने जा सकते हैं, जो तमाशा कर रहे हैं, उन्हें कुत्तों की तरह पीटो। पीछे ले जाकर (कार्यक्रम स्थल)लोगों पर लाठी चलाओ। इतना पीटो कि उनकी हड्डियां टूट जाएं। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) से जुड़े अंबादास दानवे ने सत्तार की भाषा को लेकर उन पर निशाना साधा।

# केरल : वाम और कांग्रेस ने 'मोदी की गारंटी' भाषण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और विपक्षी कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक दिन पहले राज्य में दिए भाषण को लेकर तीखा हमला किया और कहा कि 'मोदी की गारंटी' जैसे तमाशों का इस दक्षिणी राज्य में कोई असर नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को केरल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नीत सरकार द्वारा महिलाओं के पक्ष में उठाए गए कदमों को रेखांकित किया था। सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं ने कहा कि केरल के राजनीतिक जल में कमल खिलाने का भाजपा का सपना कभी पूरा नहीं होगा।

# नवी मुंबई में रसायन फैक्टरी में आग लगी, कोई हताहत नहीं



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक रसायन फैक्टरी में आग लग गई। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा कि आग लगने की घटना में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि पवने औद्योगिक क्षेत्र में महक केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में सुबह सात बजकर 35 मिनट पर आग लग गई। ऐरोली, कोपरखैरने, वाशी, सीबीडी बेलापुर और नेरुल से दमकल की छह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# इंडिगो ने टिकट पर ईंधन शुल्क वसूलना किया बंद, हवाई यात्रा होगी 1,000 रुपए तक सस्ती




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में कमी के बाद बृहस्पतिवार से ईंधन शुल्क वसूलना बंद करने की घोषणा की है। इससे कुछ लंबे मार्गों पर हवाई किराए में 1,000 रुपए तक की कमी आएगी। एयरलाइन ने एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में उछाल के बाद छह अक्टूबर, 2023 से ईंधन शुल्क वसूलना शुरू किया था। दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क की मात्रा 300 रुपए से लेकर 1,000 रुपए तक तय की गई थी।

अपने परिचालन का विस्तार कर रही एयरलाइन ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में हालिया कटौती के बाद चार जनवरी से विमान टिकट पर ईंधन शुल्क हटा दिया गया है।

इंडिगो की ओर से जारी बयान के अनुसार, एटीएफ की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहता है..इसलिए हम कीमतों या बाजार स्थितियों में किसी भी बदलाव से निपटने के लिए अपने किराए और उसके घटकों को समायोजित करना जारी रखेंगे। ईंधन किसी एयरलाइन की परिचालन लागत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंडिगो ने पिछले साल एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी की भरपाई के लिए ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की थी। यह कदम उठाने वाली वह पहली विमानन कंपनी थी।

यदि उड़ान की दूरी 500 किलोमीटर तक हो तो प्रत्येक यात्री से 300 रुपए का ईंधन शुल्क लिया जाता था और 501-1,000 किलोमीटर की दूरी के लिए यह राशि 400 रुपए थी। ईंधन शुल्क 1,001-1,500 किलोमीटर के लिए 550 रुपए, 1,501-2,500 किलोमीटर के लिए 650 रुपए और 2,501-3,500 किलोमीटर के लिए 800 रुपए था।

वहीं 3,501 किलोमीटर तथा उससे अधिक के लिए यह राशि 1,000 रुपए थी। ईंधन शुल्क हटने से इंडिगो की विमान टिकट की कुल कीमत कम से कम 300 रुपए से 1,000 रुपए तक कम हो जाएगी।

# आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने केसीआर से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। केसीआर ने हाल में कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी कराई थी।

बीआरएस सूत्रों ने बताया कि रेड्डी ने यहां नंदी नगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

राव के बेटे एवं बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव और पार्टी के अन्य नेताओं ने रेड्डी का अभिनंदन किया।

इससे पहले, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एक विशेष विमान से विजयवाड़ा से यहां बेगमपेट हवाई अड्डा पहुंचे।

राव को केसीआर के नाम से भी जाना जाता है। अपने आवास पर गिर जाने के कारण उन्हें फ्रैक्चर हो गया था। इसके बाद, उन्होंने पिछले साल आठ दिसंबर को यहां एक निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी कराई थी और 15 दिसंबर को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।



# इंडियन रेलवे एसोसिएशन ऑफ गायनोकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स कॉन्फ्रेंस चेन्नई में शुरू हुई


चेन्नई में गुरुवार को रेलवे अस्पताल में इंडियन रेलवे एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स कॉन्फ्रेंस में डॉ. सुगंथा राहा, महानिदेशक, रेलवे स्वास्थ्य सेवा, रेलवे बोर्ड, बायीं ओर आईसीएफ के महाप्रबंधक बीजी माल्या, और दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह मौजूद थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सम्मेलन में स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान के क्षेत्र के अग्रणी डॉक्टर और विशेषज्ञ, रेलवे, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश भर के मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों के नियोनेटोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं। इंडियन रेलवे एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन 4 जनवरी को हुआ।

दक्षिणी रेलवे के रेलवे अस्पताल (पेरंबूर रेलवे हॉस्पिटल) और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ऑफ तमिलनाडु के सहयोग से संयुक्त रूप से आईसीएफ में एडब्ल्यूटीआई ऑडिटोरियम में इंडियन रेलवे एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन 4 व 5 जनवरी को किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय 'महिला स्वास्थ्य को सशक्त बनाना : स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान में नैदानिक' करना है। सकारात्मक चर्चा को बढ़ावा देने और महिलाओं के स्वास्थ्य में प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

इस सम्मेलन ने नवीन तकनीकों की खोज करने और रोगी की सुरक्षा और संतुष्टि के लिए सर्वोत्तम अभ्यास मानकों की स्थापना के लिए स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पेशेवरों, विशेषज्ञों और उत्साही लोगों को एक साथ लाया है।

**अग्रणी चिकित्सा पेशेवरों की भागीदारी :** डॉ. सुगंधा राहा, महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवाएं), रेलवे बोर्ड इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) के महाप्रबंधक बीजी माल्या विशिष्ट अतिथि हैं।

सम्मेलन डॉ. एम. रवींद्रन, प्रधान कार्यकारी निदेशक (स्वास्थ्य), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली; डॉ. अनिरुद्ध कीर्तनिया, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, दक्षिण रेलवे और आईसीएफ के अन्य वरिष्ठ चिकित्सा और प्रशासनिक अधिकारियों के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रों के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशकों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, तमिलनाडु के वरिष्ठ विशेषज्ञों और चेन्नई और देश के अन्य हिस्सों के कई लोकप्रिय मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों के अन्य प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

**पैनल चर्चा, सेमिनार और कार्यशालाएँ :** स्त्री रोग और प्रसूति, नियोनेटोलॉजिस्ट और एंडोक्रिनोलॉजिस्ट के क्षेत्र के प्रतिष्ठित डॉक्टर और विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर विभिन्न शिक्षाप्रद कार्यशालाएं, पैनल चर्चा और सेमिनार आयोजित करेंगे, जैसे इंट्रा यूटेरिन थेरेपी में समग्र दृष्टिकोण, स्त्री रोग संबंधी घातकताओं में हालिया सर्जिकल प्रगति , गर्भावस्था में एंडोक्रिनोलॉजिकल विकार, टीके। गर्भावस्था में, मायोमेक्टोमी-बारीकियाँ, कुछ के नाम बताएं।

**सम्मानित अतिथियों द्वारा संबोधन :** मुख्य अतिथि, डॉ. सुगंता राहा, महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवाएं), रेलवे बोर्ड ने रेलवे चिकित्सा बिरादरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सम्मेलन में महिला स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में उन्नत उपचार के तौर-तरीकों पर उपयुक्त रूप से चुनी गई थीम पर प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह और आईसीएफ के महाप्रबंधक बीजी माल्या ने हेल्थकेयर पेशेवरों को इष्टतम रोगी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी और प्रोत्साहित किया और सम्मेलन की शानदार सफलता की कामना की।

सम्मेलन के आयोजन सचिव और दक्षिणी रेलवे मुख्यालय पेरम्बूर रेलवे अस्पताल के चिकित्सा निदेशक और प्रसिद्ध स्त्री रोग और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. कल्याणी ने सम्मेलन के विषय पर विस्तार से बताया और कहा कि सम्मेलन चिकित्सा पेशेवरों के लिए एक प्रमाण है। 'स्वास्थ्य देखभाल में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता। उन्होंने कहा कि सम्मेलन ने लाइव सर्जिकल कार्यशालाओं, प्रसिद्ध और विशेषज्ञ वक्ताओं की बातचीत, इंटरैक्टिव सत्र और नेटवर्किंग के अवसरों के लिए एक विविध मंच तैयार किया।

उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


चेन्नई में गुरुवार को मुख्यमंत्री स्टालिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तमिलनाडु पुलिस विभाग की पूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

# राष्ट्रपति विक्रमसिंघे तमिलों के लिए काम करें तो उन्हें समुदाय का समर्थन मिल सकता है : विग्नेश्वरन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति की जाफना यात्रा से पहले तमिल समुदाय के एक अहम नेता ने कहा है कि अगर रानिल विक्रमसिंघे समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में काम करते हैं तो उन्हें राष्ट्रपति पद के अगले चुनाव में तमिल राजनीतिक दलों का निश्चित रूप से समर्थन मिलेगा।

उत्तरी प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री सीवी विग्नेश्वरन ने यह भी कहा कि उत्तर में तमिलों के सामने आने वाली सभी समस्याओं को आसानी से हल किया जा सकता है और तमिल राजनीतिक दल क्षेत्र में राष्ट्रपति की यात्रा के परिणामों का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। विग्नेश्वरन ने कहा कि अगर राष्ट्रपति विक्रमसिंघे उत्तरी तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करते हैं, तो उन्हें अगले राष्ट्रपति चुनाव में निश्चित रूप से तमिल राजनीतिक दलों का समर्थन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य द्वारा उत्तरी लोगों की अधिग्रहीत 3,000 एकड़ भूमि अबतक वापस नहीं की गई है। भारत श्रीलंका से कहता रहा है कि वह 13वें संशोधन को लागू करे ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के साथ मेल-मिलाप के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। 13वां संशोधन 1987 में हुए भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाया गया था। विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति पद के लिए अगला चुनाव सितंबर से नवंबर के मध्य तक कराना होगा।

# अदालत ने सेंथिल बालाजी की हिरासत 11 जनवरी तक बढ़ाई



**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की हिरासत 11 जनवरी तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के मामले में 14 जून 2023 को द्रमुक नेता को गिरफ्तार किया था जो फिलहाल पुझल जेल में बंद हैं। अभियोजन पक्ष ने बालाजी को जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया था जिन्होंने मंत्री की हिरासत बढ़ा दी। बालाजी को ईडी ने कथित रूप से पैसे देकर नौकरी देने से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। यह मामला तब का है जब वह पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान परिवहन मंत्री थे। गिरफ्तारी के तुरंत बाद, निजी अस्पताल में उनकी बाईपास सर्जरी की गई। बाद में, ईडी ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया और उसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

निमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


चेन्नई में गुरुवार को तमिल फिल्म प्रोड्यूसर्स काउंसिल के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की और उन्हें 6 जनवरी को मद्रास रेस क्लब ग्राउंड, गिंडी में आयोजित होने वाले कलैगनार-100 कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया।



# मछुआरों के विरोध को बीजेपी का समर्थन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पिछले दिनों एन्नोर के पेरिया कुप्पम मछुआरा क्षेत्र में कोरोमंडल उर्वरक कारखाने से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ, जिससे लोगों को घुटन और उल्टियां होने लगीं। परिणामस्वरूप, क्षेत्र के मछुआरे ग्रामीण मछुआरों के समर्थन में 9वें दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी और उसके राज्य सचिव कासिमेदु की ओर से 9वें दिन गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन में फिशिंग पोर्ट प्रबंधन समिति के सदस्य एस.सतीशकुमार ने भाग लिया और मछुआरों के समर्थन में बात की।

तमिल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन भी शामिल हुए और मछुआरे के समर्थन में अपनी बात रखी।

नीति जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


चेन्नई में गुरुवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की तमिलनाडु कॉयर नीति -2024 को जारी करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन।

# किस-किस को जेल में डालोगे? : आर. अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सिद्दरामैया केबिनेट के कुछ मंत्रियों पर भी मामले हैं लेकिन गिरफ्तारी हुई कार सेवकों की। उन्होंने कहा कि 50 हजार कारसेवकों पर मुकदमे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि किस किस को जेल में डालोगे? आज के समय में राम सेवकों पर वक्र दृष्टि क्यों डाल रहे हैं? आपके मंत्रिमंडल में मंत्री नागेन्द्र पर 23 मुकदमें चल रहे हैं, इसी तरह और भी कई मंत्री हैं, उन पर कोई कार्रवाई न करके राम के सेवकों पर आंखें क्यों मूंद रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि मुख्यमंत्री मंदिर में जाते हैं तो हाथ बांध लेते हैं और भगवान के सामने खड़े होते हैं वहीं अन्य समुदाय के पूजा स्थल पर जाने पर टोपी पहनते हैं और प्रार्थना करते हैं।

अशोक ने कहा कि हिन्दुत्व एक विरासत है। मुख्यमंत्री के हिन्दुओं के प्रति रुख के चलते राज्य की जनता असमंजस्य में है। कार सेवकों पर इसलिए मामला दर्ज किया और गिरफ्तार किया कि उन्हें राममंदिर के उद्घाटन में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आपका यही रवैया है तो आपकी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य बी.के. हरिप्रसाद ने यह भावना व्यक्त की कि गोधरा कांड दोबारा दोहराया जाएगा। राम मंदिर का संघर्ष 500 साल लंबा है, जिसके लिए हजारों राजाओं ने संघर्ष किया और लाखों सैनिकों ने अपनी जान गंवाई। अशोक ने कहा कि मुख्यमंत्री की कायरतापूर्ण राजनीति से नहीं डरेंगे, हिंदुओं के लिए हमें जो भी करना होगा हम करेंगे।

# बेंगलूरु में 2023 में साइबर अपराध के मामलों में जबरदस्त वृद्धि हुई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु में पिछले वर्ष की तुलना में 2023 में साइबर अपराध के मामलों में 77 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई और शहर पुलिस ने 17,623 मामले दर्ज किये। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

शहर पुलिस द्वारा साझा किये गये आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में बेंगलूरु में साइबर अपराध के 6,422 मामले और 2022 में 9,940 मामले दर्ज किये गये थे। आंकड़ों के अनुसार 2023 में दर्ज किये गये 17,623 मामलों में से पुलिस केवल 1,271 मामलों का ही समाधान कर सकी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि साइबर अपराध शहर पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और ऐसे मामले अब शहरभर के सभी पुलिस थानों में दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे शिकायतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और 112 (आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर) पर प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकी में बदल दिया जाता है। शहर पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बेंगलूरु पुलिस ने साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी शुरू किया है।' साइबर अपराध के मामलों के समाधान की दर के बारे में पूछे जाने पर, अधिकारी ने कहा, कई मामलों में, ऐसा होता है कि हमें सेवा प्रदाताओं, बैंकों, वैश्विक तकनीकी फर्म और सोशल मीडिया मंचों पर निर्भर रहना पड़ता है।

# हम कर्नाटक में 'गोधरा जैसी घटना' संबंधी कांग्रेस नेता के बयान के बारे में जानकारी जुटाएंगे : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार पार्टी के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद के दावे कि राज्य में 'गोधरा जैसी घटना' हो सकती है के बारे में जानकारी जुटाएगी। वहीं, भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई ने इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला बोला और हरिप्रसाद को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बी के हरिप्रसाद ने बुधवार को दावा किया कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कर्नाटक में 'गोधरा जैसी घटना' होने की आशंका है।

विधान पार्षद (एमएलसी) हरिप्रसाद ने कहा था कि कर्नाटक सरकार को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि गुजरात में इसी तरह के अवसर पर गोधरा में कार सेवकों को आग लगा दी गई थी। वर्ष 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद गुजरात में भयानक सांप्रदायिक दंगे हुए थे।

परमेश्वर ने हरिप्रसाद के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, हमारे पास कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसी कोई स्थिति पैदा होती है तो हमारा पुलिस विभाग इससे निपटने में सक्षम है। हम इस प्रकार के कोई हालात पैदा नहीं होने देंगे।

हरिप्रसाद से और जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्हें तलब किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर विचार किया जा सकता है क्योंकि हरिप्रसाद वरिष्ठ नेता हैं और उनके पास जानकारी होगी। हालांकि मंत्री ने कहा कि अभी हरिप्रसाद को नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

परमेश्वर ने कहा, जब कोई संवेदनशील मामला है तो हम पहले जानकारी एकत्र करेंगे और मामले को उसी तरह से देखेंगे जिस तरह से उसे देखा जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने विधान परिषद के सदस्य पर लोगों को ऐसी घटनाएं करने के लिए 'उकसाने' का आरोप लगाया।

बोम्मई ने कहा, गृह मंत्री कहते हैं कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है वहीं एमएलसी कहते है कि उनके पास जानकारी है। इसका मतलब है कि यह खुफिया विफलता है। अगर किसी आम आदमी ने ऐसा बयान दिया होता तो पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर चुकी होती। पूर्व मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि बयान से ऐसा आभास होता है कि हरिप्रसाद के पास जानकारी है। दक्षिण कन्नड़ से सांसद नलिन कुमार कटील ने कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी की मांग की।

# इंजीनियरिंग के छात्र ने पिता की पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के बेंगलूरु में इंजीनियरिंग के एक छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से स्वयं को गोली मारकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 19 वर्षीय विष्णु उथप्पा ने बुधवार को उस समय अपने सीने में गोली मार ली जब उसके माता-पिता मदनायकनहल्ली स्थित घर में नहीं थे। उन्होंने बताया, शुरुआती जांच में पता चला है कि पढ़ाई को लेकर उसका अपनी मां से झगड़ा हुआ था। उसकी मां ने पढ़ाई पर तवज्जो नहीं देने के लिए उसे डांट दिया था लेकिन बाद में उनमें सुलह हो गई थी। लिहाज़ा लड़के के यह कदम उठाने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। उसके पिता पिछले सात वर्षों से नंदी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर एंटरप्राइजेज (एनआईसीई) में कार्यरत हैं और उनके पास एक लाइसेंसी पिस्तौल है। उनके पास एनआईसीई टोल रोड पर एकत्रित धन को बैंक में जमा करने की जिम्मेदारी है।

# कार सेवक को गिरफ्तार करने वाले इंस्पेक्टर को अनिवार्य छुट्टी पर भेजा

**हुब्बल्ली।** कर्नाटक सरकार ने हुब्बल्ली में एक कथित कार सेवक को गिरफ्तार करने वाले पुलिस इंस्पेक्टर को अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया है, इससे राज्य में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। हुब्बल्ली शहर पुलिस स्टेशन से जुड़े इंस्पेक्टर मोहम्मद रफीक ने 31 साल पहले दर्ज एक आगजनी मामले में 29 दिसंबर को श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया था। पुजारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और सूत्रों ने कहा कि अयोध्या रथ यात्रा के दौरान दर्ज लंबित मामलों को फिर से खोलने के लिए एक विशेष टीम का भी गठन किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि हुब्बल्ली-धारवाड़ पुलिस आयुक्त, रेणुका सुकुमार ने बीए जाधव को कार्यभार सौंप दिया है। राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान आगजनी के एक मामले में पुजारी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए भाजपा ने बुधवार को राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया। कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने पुजारी को रिहा करने के लिए राज्य सरकार को 48 घंटे की समय सीमा दी है। इस गिरफ्तारी के बड़ा विवाद बनने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि अपराधियों को जाति और धार्मिक लेबल देना बेहद खतरनाक है। गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गिरफ्तारी की निंदा करते हुए भाजपा द्वारा शुरू किए गए विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह व्यक्ति कार सेवक नहीं था और उसके खिलाफ 16 पुलिस मामले हैं। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पुजारी की गिरफ्तारी कानून-व्यवस्था का मामला है, न कि प्रतिशोध की राजनीति का। हालांकि, ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी को अनिवार्य छुट्टी पर भेजने के फैसले ने सत्तारूढ़ सरकार को बैकफुट पर ला दिया है और कथित कार सेवक के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी पुलिस महानिदेशक सम्मेलन में भाग लेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को जयपुर आएंगे। वे यहां पुलिस महानिदेशक–महानिरीक्षक सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी का शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय जाने का भी कार्यक्रम है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी छह से सात जनवरी को जयपुर के राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे।

मोदी शुक्रवार को यहां पहुंचेंगे और शाम को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय जांएगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी कल शाम भाजपा कार्यालय आएंगे। वह कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। मोदी के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की भाजपा के प्रदेश कार्यालय की यह पहली यात्रा होगी।'' मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष जोशी और अन्य नेताओं ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। मोदी के कार्यक्रम के लिए पार्टी कार्यालय को सजाया गया है।



पुलिस महानिदेशक–महानिरीक्षक सम्मेलन को लेकर भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। इसके लिए जयपुर के मुख्य मार्गों के साथ साथ प्रमुख इमारतों को भी सजाया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार पांच से सात जनवरी, 2024 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में साइबर अपराध, पुलिस व्यवस्था में प्रौद्योगिकी, आतंकवाद विरोधी चुनौतियों, वामपंथी उग्रवाद, जेल सुधार और आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का एक अन्य प्रमुख एजेंडा नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के लिए रोड मैप पर विचार–विमर्श करना है। इसके अतिरिक्त, पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा में भविष्य के विषयों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक जैसी नयी प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीकों पर भी चर्चा होगी।

यह सम्मेलन पहचान किए गए विषयों पर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पुलिस और खुफिया अधिकारियों के व्यापक विचार–विमर्श का निष्कर्ष है। प्रत्येक विषय के अंतर्गत राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रथाओं को सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा ताकि राज्य एक–दूसरे से सीख सकें। बयान के अनुसार, मोदी सम्मेलन के सभी प्रमुख सत्रों में उपस्थित रहते हैं।

इस वर्ष के सम्मेलन में नाश्ते, दोपहर और रात के भोजन पर अनौपचारिक विषयगत चर्चा की भी योजना बनाई गई है। इससे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को देश को प्रभावित करने वाले पुलिस व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार और सिफारिशें प्रधानमंत्री के साथ साझा करने का अवसर मिलेगा।

पुलिस महानिदेशक–महानिरीक्षक सम्मेलन 2014 में गुवाहाटी, 2015 में कच्छ के रण–धोरडो, 2016 हैदराबाद में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, 2017 में टेकनपुर बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) अकादमी, 2018 में केवड़िया, 2019 में भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान पुणे, 2021 में लखनऊ पुलिस मुख्यालय और 2023 में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा में आयोजित किया गया था।

इस परंपरा को जारी रखते हुए सम्मेलन इस वर्ष जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह राज्य मंत्री, कैबिनेट सचिव, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भी भाग लेंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुलाबी नगरी जयपुर आने से पूर्व गुरुवार को भाजपा कार्यालय में उनके आगमन को लेकर तय तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की बैठक कर समीक्षा की एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी।

# भाजपा के प्रदेश मुख्यालय जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जयपुर में अपने कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय भी जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी 58वें पुलिस महानिदेशक–महानिरीक्षक सम्मेलन में भाग लेने के लिए जयपुर आ रहे हैं जो पांच से सात जनवरी तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा,''प्रधानमंत्री मोदी कल सायंकाल भाजपा कार्यालय में आएंगे। कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करेंगे। मोदी के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की भाजपा के प्रदेश कार्यालय की यह पहली यात्रा होगी।''

वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष जोशी और अन्य नेताओं ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। मोदी के कार्यक्रम के लिए पार्टी कार्यालय को विशेष तौर पर सजाया गया है। पुलिस महानिदेशक–महानिरीक्षक सम्मेलन को लेकर भी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके लिए शहर के मुख्य मार्गों के साथ साथ प्रमुख इमारतों को भी सजाया गया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

मोदी सम्मेलन में एक औपचारिक सत्र को संबोधित करने से पहले देश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूरे सम्मेलन में मौजूद रहेंगे जो कई सत्रों में चलेगा। अधिकारियों के अनुसार पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) रैंक के लगभग 250 अधिकारी इस सम्मेलन में शामिल होंगे जबकि 200 से अधिक अधिकारियों के वर्चुअली जुड़ने की संभावना है।

# पूर्व मंत्री प्रमोद भाया के खिलाफ एक और मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में मंत्री रहे प्रमोद जैन भाया और चार अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और जबरन वसूली के आरोपों के तहत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत बुधवार शाम बारां सदर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, इससे पहले पूर्व खनन और गोपालन मंत्री भाया के खिलाफ एक जनवरी को आपराधिक साजिश और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का एक अलग मामला अंता पुलिस थाने में दर्ज किया गया था, जिसकी अभी जांच की जा रही है।

पुलिस को दी गई शिकायत में बारां नगर परिषद में विपक्ष के नेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वार्ड पार्षद दिलीप शाक्यवाल ने अंकित जैन उर्फ बोर्दिया, सुनील यादव, शरद शर्मा और नरेश तांत्रिक पर कोटा रोड स्थित बारां कलक्ट्रेट से लगे सरकारी चारागाह पर पूर्व मंत्री की ओर से मिट्टी का अवैध खनन एवं ढुलाई करने का आरोप लगाया है।



शाक्यवाल ने भाया पर मिट्टी जमा करने और उसे बेचकर राज्य सरकार को लगभग 90 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। बारां थानाध्यक्ष रामविलास मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस ने भाया और चार अन्य आरोपियों के खिलाफ बुधवार शाम आईपीसी की धाराओं 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी), 384 (जबरन वसूली), 413 (चोरी की संपत्ति की खरीद–फरोख्त), 426 (शरारत), 379 (चोरी) तथा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इससे पहले, सोमवार को भाया और अंता नगर पालिका अध्यक्ष मुस्तफा खान पर करोड़ों रुपये की निविदाएं अवैध रूप से मंजूर करने के आरोप में सोमवार को एक मामला दर्ज किया गया था। भाया और खान पर आरोप है कि उन्होंने पिछले साल सितंबर में राज्य विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निविदाएं जारी करने में नियमों का उल्लंघन किया।



# देवनानी ने बांसवाड़ा में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को एक दिवसीय दौरे के तहत बांसवाड़ा जिले के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा–अर्चना की। एक सरकारी बयान के अनुसार देवनानी बांसवाड़ा के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर पहुंचे तथा पूजा–अर्चना कर प्रदेश और देश में शांति एवं समृद्धि की कामना की।



# राजस्थान में कड़ाके की ठंड, कोहरे का दौर जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड जारी है और कई स्थान शीतलहर की चपेट में है। राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में बृहस्पतिवार को दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार रात को न्यूनतम तापमान सीकर में 1.0 डिग्री व फतेहपुर में 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा न्यूनतम तापमान सिरोही में 4.1 डिग्री, फलोदी में 4.6 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 5.0 डिग्री, बीकानेर में 5.2 डिग्री, चूरू व पिलानी में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीते 24 घंटे में गंगानगर में न्यूनतम व अधिकतम तापमान क्रमश: 7.5 डिग्री व 11.5 डिग्री जबकि संगरिया में 7.1 डिग्री व 9.1 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा जबकि पूर्वी राजस्थान में कई इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। इसके अनुसार राज्य में घने कोहरे व ठंड की स्थितियां अभी कुछ दिन और बने रहने का अनुमान है। वहीं 7–8 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 7–9 जनवरी के दौरान राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

# करणपुर विधानसभा सीट पर मतदान आज,तैयारियां पूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार को होगा जिसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मतदान शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 249 मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा और मतदाता सुबह सात बजे से सायं छह बजे तक मतदान कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 2,40,826 मतदाता है, जिनमें 1,25,850 पुरुष व 1,14,966 महिला तथा 10 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। 180 'सर्विस वोटर' पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि करणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 24 सेक्टर अधिकारी तैनात किए गए हैं जबकि 10 रिजर्व में रखे गए हैं। करणपुर एवं पदमपुर के लिए दो एरिया मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। गुप्ता ने बताया कि इस विधानसभा क्षेत्र में नौ अक्टूबर 2023 से अब तक कुल 10.03 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सामान जब्त किए गए हैं। इनमें से 14 लाख रुपये की नकदी, करीब 38.88 लाख की शराब, 9.33 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ एवं 15 लाख रुपये से अधिक कीमत की अन्य सामग्री शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। इसका परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया गया। इसमें भाजपा को 115 व कांग्रेस को 69 सीटें मिलीं।

करणपुर गंगानगर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी उम्मीदवार हैं जबकि कांग्रेस ने कुन्नर के बेटे रुपिंदर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सत्तारूढ़ भाजपा ने सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 30 दिसंबर को बतौर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्रिपरिषद में शामिल किया। कांग्रेस ने इसकी आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे 'आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन एवं वहां के मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास' बताया था।

# टोंक में महिलाओं को तीन माह का रोजगार देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, पीड़िताओं ने कलेक्टर बैरवा से की शिकायत

टोंक। महिलाओं को तीन माह का रोजगार देने का झांसा देकर करोडों की ठगी होने की शिकायत पीड़ित महिलाओं ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा से शिकायत की है श्र महिलाओं का कहना है कि पुलिस लाइन के पास छावनी में डीपीएस साड़ी उत्पाद केंद्र प्राइवेट लिमिटेड के नाम से हरियाणा पानीपत के रहने वाले धनपाल सिंह मीणा और टोंक के अरनिया केदार निवासी मुरारी लाल गुर्जर ने स्वरोजगार के नाम से पुलिस लाइन के पास कार्यालय खोला, जिसमें महिलाओं से झूठ बोलकर 10 से 15 हजार की मासिक तन्ख्वाह का प्रलोभन देकर दिया गया श्र निवाई, अलीगढ़ बनेठा में भी सेंटर खोले गए हैं श्र इसके लिए महिलाओं से सिंगल महिला से 10 हजार से लेकर समूह से 2 लाख तक नगद लिए गए श्र सभी को यह राशि एक माह के भीतर वापस देने का प्रलोभन भी दिया गया था। महिलाओं ने बताया कि मुरारी लाल गुर्जर जो शुरू से ही इस कंपनी का हिस्सा था बाद में वह अपने आप को सभी से अलग होने की बात करने लगा। महिलाएं दो–तीन महीने से इन दोनों के ऑफिस नियमित रूप से आ रही हैं, जिसका ऑफिस वर्तमान में पुलिस लाइन के पास और दूसरा सेठी टाइल्स के पास जयपुर रोड छावनी में संचालित किया जा रहा था, जो पिछले 15–20 दिनों से बंद है।



# राष्ट्रीय गौरव व राष्ट्रीय चेतना का अनूठा स्थल है प्रताप गौरव केन्द्र : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि उदयपुर में प्रताप गौरव केन्द्र महज पर्यटन स्थल ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय गौरव और राष्ट्रीय चेतना का अनूठा केन्द्र भी है।

देवनानी गुरूवार सुबह यहां प्रताप गौरव केन्द्र पहुँचे और उन्होंने वीरता, पराक्रम, त्याग और देश भक्ति के प्रतीक महान योद्धा महाराणा प्रताप के स्मारक को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल के रूप में प्रदेश और देश में इस केन्द्र ने राष्ट्रीय पर्यटन नक्शे में स्थान बनाया है। यह गौरव केन्द्र हमारे लिए तीर्थ स्थल भी है। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप राष्ट्र के लिए प्रात: स्मरणीय है। राष्ट्र के लिए गौरव है।

उन्होंने कहा कि भारतीय मानव जीवन के आदर्श महाराणा प्रताप के जीवन से युवाओं को देश भक्ति और त्याग का पाठ सीखना चाहिए। देवनानी डूंगरपुर, बांसवाडा और उदयपुर यात्रा पर है। उल्लेखनीय है कि देवनानी ने अपने शिक्षा मंत्री काल के दौरान प्रदेश के विद्यालय शिक्षा में अकबर महान के अध्याय को हटवाकर प्रताप महान का नया अध्याय शामिल कराया था। वासुदेव देवनानी की इस प्रताप गौरव केन्द्र के निर्माण और इसकी परिकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देवनानी वीर शिरोमणी प्रताप समिति के प्रथम अध्यक्ष रहे है। वर्तमान में प्रताप गौरव केन्द्र समिति की कार्यकारिणी के सदस्य है। देवनानी की अध्यक्षता में बनी समिति की दूरगामी सोच की परिकल्पना के अनुरूप ही यहां प्रताप स्मारक स्थल का निर्माण किया गया और इसके संचालन के लिए प्रताप गौरव केन्द्र समिति का गठन किया गया।



जयपुर में गुरुवार को क्षत्रिय युवक संघ कार्यालय से समाज सेवा में आजीवन समर्पित रहने वाले श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक पूज्य तनसिंह के जन्मशताब्दी समारोह के निमित्त आयोजित हो रही जन्म शताब्दी संदेश यात्रा को तिलक लगाकर रवाना करती उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।



# पंचायत के माध्यम से गांवों में समाज के अंतिम छोर तक केंद्र की लाभकारी योजनाओं को पहुंचाना सुनिश्चित करें : गिरिराज सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को जयपुर में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज योजनाओं के राज्य में क्रियान्वयन और प्रगति को लेकर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने पंचायत के सभी स्तरों को आपस में एकीकृत होकर सकारात्मक दृष्टिकोण से सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए ताकि पंचायत के माध्यम से गांवों में समाज के अंतिम छोर तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके और योजनाओं का वास्तविक ध्येय पूरा हो सके। समीक्षा के दौरान उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, जल संरक्षण विभाग आदि योजनाओं के विभिन्न बिंदुओं पर वृहत प्रकाश डालते हुए इनसे ग्रामीणों को होने वाले लाभों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पंचायत को सबल और सुदृढ़ बनाने पर भी गहन चर्चा की और राज्य सरकार को इसके सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाते हुए उचित दिशानिर्देश में कार्य करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण स्तर पर सभी लाभान्वितों को इसका उचित लाभ मिल सके और पंचायत का मूल सार्थक हो सके।

## मुख्यमंत्री योगी को धमकी देने का मामला : पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

**देवरिया (उप्र)/भाषा।** सोशल मीडिया मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि अजीत यादव नामक युवक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी है और यह संदेश बुधवार आधी रात से प्रसारित हो रहा है।

एसपी ने कहा कि पुलिस ने वायरल संदेश का संज्ञान लिया और बुधवार- बृहस्पतिवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे संबंधित धाराओं के तहत रुद्रपुर पुलिस थाना में अजीत यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच जारी है और आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। युवक ने अपने पोस्ट में जमीन विवाद को लेकर जिले में दो अक्टूबर को हुई हिंसा का भी जिक्र किया है, जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी। कुछ समय पहले एक स्थानीय अदालत ने एक पक्ष (प्रेम यादव) के घर को सरकारी जमीन पर बना पाया था और युवक ने इसी मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कथित धमकी दी है। दो अक्टूबर को देवरिया के फतेहपुर में हुई हिंसा में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह की मौत हो गई थी।

# ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में पांच जनवरी को आएगा फैसला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब पांच जनवरी को फैसला सुनाएगी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश आज महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे।

उन्होंने बताया कि साथ ही कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाए जाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा जिला न्यायाधीश ने आदेश सुनाने के लिए पांच जनवरी की तारीख तय की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को खोलने और पक्षकारों को सौंपने के लिए जिला अदालत से चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया था जिसके बाद मामले को बृहस्पतिवार तक के लिए टाल दिया गया था।

एएसआई ने चार सप्ताह का समय मांगते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले का हवाला दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की मौजूदगी वाली जगह पर कथित मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग संबंधी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्षों की कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि वर्ष 1991 का पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) किसी प्रार्थनागृह के धार्मिक चरित्र को परिभाषित नहीं करता है और इसे केवल विरोधी पक्षों द्वारा अदालत में प्रस्तुत साक्ष्य के माध्यम से निर्धारित किया जा सकता है।

न्यायालय ने निचली अदालत को इस मामले को छह महीने के अंदर निपटाने के निर्देश देते हुए कहा था कि अगर जरूरी हो तो निचली अदालत एएसआई को परिसर के छूटे हुए हिस्से का सर्वेक्षण करने का निर्देश दे सकती है। जिला अदालत के 21 जुलाई 2023 के आदेश के बाद एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था। इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि क्या 17 वीं शताब्दी में बनी ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं।



# तेजस्वी यादव ने बोधगया में दलाई लामा से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गया/भाषा।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को बोधगया में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की। दलाई लामा पिछले कुछ हफ्तों से बोधगया में प्रवास कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने तिब्बती मठ में आध्यात्मिक नेता से मुलाकात की। तिब्बती आध्यात्मिक नेता से मुलाकात के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के युवा नेता महाबोधि मंदिर गए और पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी ने कहा, मैंने आज दलाई लामा जी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। मैंने मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। महाबोधि मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम राज्य पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशों के बाद हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि और क्या किया जा सकता है क्योंकि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं के लिए यहां ध्यान करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। राज्य सरकार ने पहले ही बोधगया में पांच सितारा होटल को मंजूरी दे दी है और मैं प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण करूंगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 21 दिसंबर को बोधगया में दलाई लामा से मुलाकात की थी।

## पेंटिंग, शॉल, गुड़ सहित ओडिशा के सात उत्पादों को मिला जीआई का दर्जा

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा की लांजिया साओरा पेंटिंग, डुंगरिया कोंध कढ़ाई वाली शॉल और खजुड़ी गुड़ सहित सात उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र विशेष में पाए जाने वाले विशिष्ट उत्पादों को अलग खूबियों की वजह से जीआई का दर्जा दिया जाता है। अधिकारी के अनुसार, चेन्नई स्थित जीआई रजिस्ट्री ने ढेंकनाल मगजी (खाद्य पदार्थ), सिमिलिपाल काई चटनी, नयागढ़ कांतिमुंडी बैंगन और कोरापुट कालाजीरा चावल को भी बुधवार को भौगोलिक संकेतक का दर्जा देने की घोषणा की। इसके साथ ही ओडिशा में पाए जाने वाले 25 उत्पादों को अबतक यह दर्जा मिल चुका है। इस बीच, राज्य अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा, ओडिशा के लांजिया साओरा की पेंटिंग ने आधिकारिक तौर पर जीआई का दर्जा हासिल कर लिया है।

## झारखंडः हड़ताल जारी रही तो राशन वितरण के लिए करनी होगी 'वैकल्पिक व्यवस्था' : मंत्री रामेश्वर ओरांव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**झांसी/भाषा।** झारखंड के मंत्री रामेश्वर ओरांव ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि उचित मूल्य की दुकानें बंद रहती हैं तो सरकार को राशन वितरण के लिए 'वैकल्पिक व्यवस्था' करनी होगी। राज्य में उचित मूल्य की दुकान (एफपीएस) कारोबारियों ने अपना अनिश्चितकालीन 'राशन बंद' हड़ताल जारी रखी। एक जनवरी को झारखंड में 25,000 से अधिक एफपीएस कारोबारी ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन द्वारा दिए गए राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन 'राशन बंद' आह्वान में शामिल हुए।

इस हड़ताल से झारखंड में केंद्र और राज्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं के 65 लाख से अधिक लाभार्थी प्रभावित हुए हैं। राज्य के खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री, ओरांव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राज्य सरकार मामले के समाधान के लिए एफपीएस कारोबारियों के साथ बातचीत कर रही है। हमारे विभाग के सचिव अमिताभ कौशल ने उनकी मांगों को लेकर उनके साथ चर्चा की है और वे सरकार के जवाब से संतुष्ट हैं। उनक मांगें पहले से ही विचाराधीन हैं. इसलिए कोई समस्या की बात नही है। उन्होंने बताया यदि डीलर अड़ियल रवैया अपनाते हैं और हड़ताल जारी रखते हैं तो राशन वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर भी चर्चा चल रही है। हमें किसी भी तरह गरीबों के बीच राशन वितरित करना है। इसलिए, एक वैकल्पिक योजना पर भी विचार किया जा रहा है, उन्होने कि मैं इसका खुलासा नहीं करूंगा।

## सुभासपा ने भाजपा से मांगी उप्र की पांच और बिहार की चार लोकसभा सीट



**लखनऊ/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए उत्तर प्रदेश की पांच और बिहार की चार लोकसभा सीट मांगी है।

राजभर के बेटे और सुभासपा के मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने बुधवार को दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। राजभर इससे पहले गत 29 दिसंबर को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से भी मिले थे। उन्होंने बताया कि राजभर ने शाह और नड्डा से मुलाकात के दौरान गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, बलिया, मऊ, सलेमपुर और चंदौली लोकसभा सीट मांगी है। इसके अलावा बिहार की नवादा, वाल्मीकि नगर, सीवान और काराकाट लोकसभा सीट देने की भी मांग की है। अरुण ने बताया कि इस पर अमित शाह और नड्डा ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए समय आने पर कोई निर्णय लेने की बात कही है। अरुण ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान शाह ने सुभासपा अध्यक्ष से खरमास तक रुकने के लिए कहा है। उम्मीद है कि यह विस्तार आगामी 16 जनवरी के बाद होगा।

## मुझे गिरफ्तार करना चाहती है भाजपा ताकि मैं लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार न कर सकूं : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है।

यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी ही उनकी ''सबसे बड़ी संपत्ति'' है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल तीसरी बार बुधवार को ईडी के समन पर पेश नहीं हुए।

अरविंद केजरीवाल (55) ने आरोप लगाया, मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन गैरकानूनी हैं। भाजपा मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने ईडी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके समन ''अवैध'' हैं लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा, ईडी ने जवाब नहीं दिया क्योंकि वे जानते हैं कि उनके समन अवैध हैं। क्या मुझे अवैध समन का पालन करना चाहिए? अगर वैध समन जारी किए जाएंगे, तो मैं उनका पालन करूंगा। मेरी सबसे बड़ी दौलत मेरी ईमानदारी है। वे मेरी छवि खराब करके मुझे तोड़ना चाहते हैं।

## उप्र : पुलिस पर गोलीबारी करने वाले हिस्ट्रीशीटर मुनुआ यादव के घर को बुलडोजर से ढहाया गया

**कन्नौज (उप्र)/भाषा।** उप्र के कन्नौज जिले के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस पर गोलीबारी कर एक सिपाही की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर अशोक कुमार उर्फ मुनुआ यादव का घर बृहस्पतिवार को बुलडोजर से गिरा कर ध्वस्त कर दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित पांच थानों की पुलिस मौजूद रही। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार आनंद ने पत्रकारों को बताया था कि 25 दिसंबर की रात थाना क्षेत्र के धरनी धीरपुर नगरिया गांव में हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर यादव, उसकी पत्नी और बेटे ने हमला बोल दिया और गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान सिपाही सचिन राठी (28) गोली लगने से घायल हो गए जिनकी कानपुर में उपचार के दौरान 25 दिसंबर की देर रात लगभग एक बजे मौत हो गई। उन्होंने बताया था कि पुलिस की जवाबी गोलीबारी में यादव और उसके बेटे को भी गोली लगी थी। दोनों को इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक धरनी धीरपुर नगरिया गांव में यादव ने ग्राम सभा की जमीन का अतिक्रमण कर तीन मंजिला मकान बनवाया था। मकान को अवैध बताते हुए उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने दो जनवरी को इसे ध्वस्त करने का आदेश दिया था। तहसीलदार अनुभव कुमार ने बेदखली की कार्रवाई की थी






## विफलताएं छिपाने को सरकार उठा रही भावनात्मक मुद्दे, चुनाव के लिए तैयार हो जाएं कार्यकर्ताः खरगे

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पिछले 10 साल की अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठाने का आरोप लगाया और कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए राहुल गांधी की सराहना की और विश्वास जताया कि मणिपुर से महाराष्ट्र तक उनकी 'भारत न्याय यात्रा' सामाजिक न्याय के मुद्दों को राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में लाएगी। खरगे ने देश भर के पार्टी नेताओं की एक बैठक में कहा, भाजपा पिछले 10 साल में अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक मुद्दों को आगे बढ़ा रही है। वे जानबूझकर हर मुद्दे में कांग्रेस को शामिल करते हैं। खरगे ने नेताओं से अपने मतभेद भुलाने, आंतरिक मुद्दों को मीडिया में नहीं उठाने और एक टीम की तरह काम करने की अपील की।

## अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई, 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) खेल मंत्रालय द्वारा लगाए निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्ल्यूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था।

डब्ल्यूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। वाराणसी के संजय सिंह ने बताया कि तदर्थ पैनल मुश्किल की घड़ी में काम करने के लिए किस तरह ठीक नहीं था।

## कांग्रेस में शामिल हुईं शर्मिला, कहा, राहुल को प्रधानमंत्री के रूप में देखना उनके पिता का सपना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी और युवजन श्रमिक रायथू तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) की संस्थापक वाई. एस. शर्मिला बृहस्पतिवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गईं। शर्मिला ने अपनी वाईएसआर तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस में विलय की भी घोषणा की और कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे निभाएंगी।

शर्मिला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुईं। कांग्रेस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है क्योंकि यह प्रतिबद्धता के साथ सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। उन्होंने कहा, 'मैं वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का कांग्रेस में विलय से बहुत खुश हूं। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी आज से कांग्रेस का हिस्सा बनने जा रही है।

अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएसआर रेड्डी को तेलुगू लोगों का एक महान नेता बताते हुए शर्मिला ने कहा कि उनके पिता ने न केवल जीवन भर कांग्रेस की सेवा की बल्कि पार्टी की सेवा में अपना जीवन भी त्याग दिया। उन्होंने कहा, 'आज उन्हें (वाईएसआर रेड्डी) बहुत खुशी होगी कि उनकी बेटी उनके नक्शेकदम पर चल रही है और कांग्रेस का हिस्सा बनने जा रही है। शर्मिला ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में कहा, 'कांग्रेस अभी भी हमारे देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। कांग्रेस ने हमेशा भारत की सच्ची संस्कृति को बरकरार रखा है। कांग्रेस ने हमारे देश की नींव बनाई। कांग्रेस ने भारत के लोगों के सभी वर्गों को एकजुट करते हुए सभी समुदायों की पूरे समर्पण भाव से सेवा की है। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में कांग्रेस का सम्मान करती हूं क्योंकि यह देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है।

शर्मिला ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा से लोगों का विश्वास जीता और इससे कर्नाटक में पार्टी को जीत भी मिली।

## मणिपुर में भ्रम से बचने के लिए एंबुलेंसों के लिए अलग प्रकार के सायरन

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर सरकार ने भ्रम से बचने के लिए एंबुलेंसों को अलग प्रकार के सायरन का उपयोग करने को कहा है जिसका उपयोग पुलिस या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां नहीं करती हैं। सरकार ने कहा है कि मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए और प्रभावी तरीके से कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। आयुक्त (गृह) टी रणजीत सिंह ने अपने बयान में कहा है कि मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार एम्बुलेंस, पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे समान ध्वनि वाले सायरन के उपयोग से उत्पन्न होने वाले मुद्दों पर विचार कर रही है, क्योंकि इससे आम जनता के लिए बहुत भ्रम और घबराहट की स्थिति पैदा हो रही है। मणिपुर के राज्यपाल ने आदेश जारी किया है कि एम्बुलेंस वाहन और अन्य एजेंसियों के वाहनों में लगे सायरन पुलिस या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के वाहनों के सायरन के समान नहीं होने चाहिए।

# दक्षिण अफ्रीका हमेशा हमें चुनौती देता है, पर इस प्रदर्शन पर गर्व कर सकते हैं: रोहित शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**केपटाउन/भाषा।** रोहित शर्मा के चेहरे पर भारत के दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शृंखला नहीं जीत पाने का दर्द साफ झलक रहा था लेकिन कप्तान ने कहा कि वे गुरुवार को यहां दूसरे टेस्ट में मिली सात विकेट की जीत पर गर्व महसूस करेंगे।

भारत ने सेंचुरियन में शृंखला के शुरूआती मैच में पारी और 32 रन से हार के बाद शानदार वापसी की और पांच सत्र के अंदर दूसरे टेस्ट में जीत से दो मैच की शृंखला 1-1 से बराबर करायी। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, जब आप दुनिया के इस हिस्से में आते हो तो यहां हमेशा ही मुश्किल होती है लेकिन भारत के बाहर हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व है। दक्षिण अफ्रीका हमेशा हमारे लिए चुनौती पेश करता है और यहां आकर जीत हासिल करके हम गर्व महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम शृंखला जीतना पसंद करते। हमने बहुत अच्छी वापसी की, विशेषकर हमारे गेंदबाजों ने। हमारी कुछ योजनायें थीं और खिलाड़ियों को इनका फायदा मिला। रोहित ने कहा, हम जानते थे कि यह मैच छोटा होगा, हम जानते थे कि रन मायने रखेंगे इसलिए पहली पारी की बढ़त हासिल करना बहुत ही महत्वपूर्ण था। सेंचुरियन में खराब प्रदर्शन के बाद शानदार वापसी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह बड़ी उपलब्धि है, लेकिन हमने जो गलतियां की हैं, उनसे सीख लेनी होगी।

कप्तान ने कहा, गेंदबाजों को गेंद को सही लाइन एवं लेंथ पर ही डालनी होगी और गेंदबाजों को इसका फायदा मिला। हमने 100 रन की बढ़त हासिल की लेकिन अंतिम छह विकेट (बिना रन जोड़े) गंवाना अच्छा नहीं था।

## बुमराह का जलवा, भारत ने केपटाउन में ऐतिहासिक जीत दर्ज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**केपटाउन/भाषा।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जादुई स्पैल से भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की।

भारतीय तेज गेंदबाजी के अनमोल नगीनों में शुमार बुमराह ने गुरुवार को यहां दूसरे और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन की सुबह ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका का मध्यक्रम चरमरा गया और ऐडन मार्कराम (103 गेंद में 106 रन) के जुझारू शतक के बावजूद टीम लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य हालांकि सबसे मुश्किल पिच पर भी बहुत बड़ा नहीं था। युवा यशस्वी जायसवाल (28 रन) हालांकि अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 16 रन) और श्रेयस अय्यर (छह गेंद में नाबाद चार रन) ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलायी।

भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत थी जिसे बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा। सिराज ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने में मुख्य भूमिका निभायी थी। रोहित शृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में शृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट शृंखला नहीं जीत सका है।

## सुविचार

**जिन्दगी निकल जाती है ढूंढने में कि ढूंढना क्या है? अंत में तलाश सिमट जाती है, इस सुकून में की जो मिला, वो भी कहाँ साथ लेकर जाना है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ‘विष’ का लोभ क्यों?

भारत में कैंसर के मामलों की बड़ी तादाद का होना चिंता का विषय है। ‘द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथ-ईस्ट एशिया’ के इस अध्ययन पर सबको ध्यान देना चाहिए, जिसके अनुसार, भारत में साल 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए, जबकि 9.3 लाख लोगों ने कैंसर के कारण जान गंवाई। न केवल भारत, बल्कि एशिया के कई देशों में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। उक्त शोध करने वाली टीम के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे, जो भारत में लोगों की दिनचर्या, खानपान, आदतों और स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न चुनौतियों से भलीभांति परिचित हैं। इन विशेषज्ञों ने कैंसर के लिए जिम्मेदार जिन कारकों का उल्लेख किया है, लोग चाहें तो उनसे बच सकते हैं। ये विशेषज्ञ मानते हैं कि धूम्रपान, मदिरापान और प्रदूषक कण कैंसर के लिए जिम्मेदार 34 कारकों में से प्रमुख पाए गए हैं। यही नहीं, मुंह के कैंसर के 50 प्रतिशत से ज्यादा मामलों का संबंध तंबाकू के सेवन से है। ज्यादा चिंता की बात यह है कि हाल के दिनों में भारत समेत दक्षिण एशिया में इसका चलन ज्यादा देखने को मिला है। धूम्रपान और मदिरापान से बचने के लिए कई तरह की चेतावनी जारी की जाती हैं। जो व्यक्ति इन पदार्थों का सेवन करता है, वह जानता है कि ये नुकसानदेह हैं, लेकिन इनसे पीछा छुड़ाना बहुत मुश्किल होता है। कई स्कूली बच्चे खैनी, गुटखा जैसे पदार्थों का सेवन कुसंगति के कारण कर बैठते हैं। शुरुआत में ये चीजें अत्यंत प्रिय लगती हैं, लेकिन एक समय ऐसा आता है, जब ये जी का जंजाल बन जाती हैं। वे बच्चे कॉलेज तक पहुंचते-पहुंचते इनके आदी हो जाते हैं। कई यह शिकायत करते हैं कि अगर वे इन चीजों का सेवन न करें तो पढ़ाई में मन नहीं लगता और बेचैनी महसूस होने लगती है। जो उम्र ज्ञानार्जन, चरित्र के निर्माण और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण होती है, अगर उसी में नशे की लत लग गई तो भविष्य कैसा होगा?

उक्त शोध युवाओं में खैनी, गुटखा जैसे पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में दक्षिण एशियाई देशों का खास तौर से उल्लेख करता है, जिस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसकी ये पंक्तियां युवाओं को जरूर पढ़नी चाहिएं – ’भारत, बांग्लादेश और नेपाल जैसे दक्षिण एशियाई देशों में खैनी, गुटखा, पान मसाले के रूप में तंबाकू का सेवन चिंता का विषय है। इनसे साल 2019 में दुनियाभर में होने वाली ऐसी कुल मौतों में से भारत में 32.9 प्रतिशत मौतें हुईं। वहीं, होंठ और मुंह के कैंसर के 28.1 प्रतिशत नए मामलों का पता चला।’ गुटखा, जर्दा, खैनी जैसे पदार्थों का युवाओं के बीच तेजी से प्रसार होने के पीछे कई कारण हैं, जिनमें से एक है- दोस्तों का दबाव। जिन्हें इनकी लत लग जाती है, जब वे दूसरों को भी इनका आदी बनाना चाहते हैं तो सबसे बड़ी दलील यही देते हैं कि ’दोस्ती के नाम पर आज ले लो, एक दिन में क्या हो जाएगा?’ यह ’मनुहार’ बाद में ऐसी लत लगा देती है, जो स्वास्थ्य व धन, दोनों का नाश करती है। कई लोग तो जीवन गंवा बैठते हैं। ऐसी दोस्ती, ऐसी मनुहार किस काम की? सच्ची दोस्ती तो वह होती है, जो ऐसी बुराइयों से सावधान करे। दिसंबर 1971 में जब बांग्लादेश बना तो (पश्चिमी) पाकिस्तान में पान की आपूर्ति बहुत कम हो गई थी। चूंकि पहले पान पूर्वी पाकिस्तान से आता था, जो आजाद होकर बांग्लादेश बन गया था। इसके कुछ साल बाद पाकिस्तान के कई इलाकों में मुंह के कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ने लगे। इससे स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी हैरान थे। बाद में इसकी हकीकत सामने आई। दरअसल जब पाकिस्तान में पान की आवक कम हो गई तो कराची जैसे बड़े शहरों में कुछ लोगों ने इसे सुनहरे मौके की तरह लिया। उन्होंने कारखाने लगाए तथा अंधाधुंध रसायन मिलाकर गुटखा, खैनी और अन्य नशीले पदार्थों के आकर्षक पाउच बनाकर बेचने लगे। लोगों ने भी इसे हाथोंहाथ लिया। कुछ ही वर्षों में नशे का यह धंधा चल पड़ा। बाद में कई लोगों को मुंह और गले के कैंसर जैसी बीमारियों ने आ घेरा। स्पष्ट रूप से यह बीमारी उन आकर्षक पाउचों की देन थी, जिनके सेवन की लोगों ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई। आज भी यह ’विष’ खूब बिक रहा है। मन पर नियंत्रण रखते हुए, इसके लोभ से दूर रहने में ही भलाई है।

## ट्वीटर टॉक



मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आज =यजयपुर के नगर निगम हैरिटेज क्षेत्र के शास्त्री नगर में पहुंची। यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सम्मिलित होकर लाभार्थियों से संवाद किया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

**-सीपी जोशी**



बागपत नगर में नवनिर्मित सीवेज़ ट्रीटमेंट प्लांट के लोकार्पण अवसर पर स्वच्छ जल से जुड़े समाधानों पर मोदी सरकार का विजन रखा। डबल इंजन सरकार पानी की परेशानी से कैसे जनता को मुक्ति दिला सकती है, यह उत्तरप्रदेश में नज़र आता है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रिछेड़ में लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी योजनाओं से अवगत करवाया। साथ ही ग्राम वासियों के मान-सम्मान के लिए आभार जताया।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# सहनशीलता की मिसाल

बुंदेलखंड राज्य के राजा के मंत्री सदानंद ने कठिन श्रम करके महाराज की इच्छा का पालन करते हुए मुगल सेना के सैन्य बल पर एक रिपोर्ट गुप्तचरों की सूचना का विश्लेषण कर तैयार की थी। वह बहुत थक गये थे उस दिन। उन्हें सवेरे ही राजा के सम्मुख एक रिपोर्ट रखनी थी। आधी रात तक जागते वह अपने सहायक से रिपोर्ट लिखवाते रहे थे। रिपोर्ट पूरी करके हुए वह उठ कर अपने शयनकक्ष की ओर जाने लगे थे। इसी समय उसका सहायक भी उठा किन्तु सहायक की असावधानी से दीपक को धक्का लग गया। दीपक गिर पड़ा सब कागज तेल में भीग गये और उसमें आग लग गयी।

सहायक का तो मुख ही सूख गया, काटो तो खून नहीं। मंत्री महोदय लौट पड़े। उन्होंने धीरे से कहा, यह संयोग की बात। तुम्हारा कोई अपराध तो है नहीं। बैठो, हम दोनों फिर से उस रिपोर्ट को तैयार कर लेंगे। अपने आसन पर वे बैठ गये और कागजों को संभालकर रिपोर्ट लिखवाना आरम्भ कर दिया।

## सामयिक

# पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बढ़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षीप्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए।

भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरेया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें पक्षियों की संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है। जब हम पक्षियों को संरक्षित रखते हैं, तो हम अपने आप को और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का उपहार देते हैं।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी।

पृथ्वी पर हमें विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी मिलते हैं, जो हमारे प्राकृतिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा एवं प्रकृति संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। दुनियाभर में जानवरों और पक्षियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट न केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण हो रही है, बल्कि मुख्य रूप से मनुष्य की असंवेदनशील गतिविधियों और उनकी अज्ञानता के कारण भी हो रही है। इंसानी गतिविधियां जैसे नगरीकरण, उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिकतम उपयोग, वायु यातायात और भूमि संपत्ति की विस्तार योजनाएं हैं। पक्षी विलुप्ति एक गंभीर समस्या है, क्योंकि पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान हमारी प्राकृतिक पेयजल और खाद्य सुरक्षा में होता है। पक्षियों को बीज और फल बोने, उगाने और फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य मिलता है, जिससे वनस्पतियों का प्रजनन होता है। इसके अलावा, पक्षी भी कीट-नियंत्रण करने में मदद करते हैं, जो हमारे खेती और फसलों को सुरक्षित रखता है। पक्षियों का एक और महत्वपूर्ण योगदान हमारे बायोडायवर्सिटी की सुस्थिति बनाए रखना है। पक्षियों के संकट ग्रस्त



होने से हमारे प्राकृतिक परिदृश्य, बायोलॉजिकल संतुलन और वातावरणीय सेवाओं में कमी आती है। जंगलों की कटाई, अनुचित वन्यजीव व्यापार, औद्योगिकीकरण, वन, आग, जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, जैव उपयोग और जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों के आवास की हानि हो रही है। इसके अलावा, जीवाश्मी शस्त्रधारी पक्षी जैसे कीटों और रोगों के आक्रमण के कारण भी पक्षियों की संख्या में गिरावट होती है।

पक्षियों को विलुप्ति से बचाने के लिये हमें अपने जीवन शैली में सतत वन्यजीवों के लिए स्थान छोड़ना होगा, जैसे कि उनके आवास के लिए उपयुक्त वन, नदी और झीलों की सुरक्षा और सफाई का ध्यान रखना होगा। हमें जैव उपयोग पर नियंत्रण लगाना होगा। कीटनाशकों का सतत उपयोग रोकना चाहिए और पर्यावरण के प्राकृतिक तरीकों से कीटों और रोगों का नियंत्रण करना चाहिए। वन्यजीवों के आहार और आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न संगठनों, सरकारी निकायों और जनसाधारण को मिलकर काम करना चाहिए। हमें प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों और अभयारण्य की स्थापना करनी चाहिए। जनसंचार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को पक्षियों के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने आसपास के पक्षियों के लिए संरक्षण कार्यों में सहभागी बन सकें।

मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स’ ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को रेड लिस्ट’ में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है।

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अनेक कारणों से उसकी संख्या भी घट रही है, जबकि मोर एक बहुत ही सुन्दर तथा आकर्षक पक्षी है। यह भारत के सभी क्षेत्रों में पाया जाता है। मोर के सर पर मुकुट जैसी खूबसूरत कलंगी होती है। इसकी लम्बी गर्दन पर सुन्दर नीला मखमली रंग होता है। मोर की मादा मोरनी कहलाती है। मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण ही भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1963 को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। हमारे पड़ोसी देश म्यांमार और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी भी मोर ही है। मोर का शिकार भारत में पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसे भारतीय वन्य-जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत पूर्ण संरक्षण दिया गया है फिर भी मोर का बड़ी मात्रा में शिकार हो रहा है।

मोर एवं गौरेया पक्षी की भांति अनेक पक्षी प्रजातियां मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

## ज्ञान विज्ञान

# साइबेरिया में पिघल रहा सदियों से बर्फ से भरा सबसे बड़ा गड्ढा

रूस के साइबेरिया स्थित दुनिया का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर, बटागाइका पिघल रहा है। बटागाइका क्रेटर के पिघलने की घटनी ने वैज्ञानिकों ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि यह रूस के उत्तरी और उत्तरपूर्वी शहरों और कस्बों को खतरे में डाल रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे ना केवल रूसी कस्बों और शहरों को बल्कि पूरे प्लेनेट को भी खतरा है क्योंकि इसके पिघलने के कारण वायुमंडल में आ रही ऑर्गेनिक कार्बन की भारी मात्रा ग्लोबल वार्मिंग को और ज्यादा बढ़ा सकती है। अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार, पर्माफ्रॉस्ट से मतलब उस जमीन या जगह से है जो लगातार कम से कम दो साल तक शून्य डिग्री सेल्सियस पर पूरी तरह से जमी रहती हैये स्थायी रूप से जमे हुए मैदान बर्फ द्वारा एक साथ रखी गई मिट्टी, चट्टानों और रेत के संयोजन से बने होते हैं। नासा के मुताबिक पर्माफ्रॉस्ट उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के पास के क्षेत्रों में सबसे आम हैं और पृथ्वी के बड़े हिस्से को कवर करते हैं। खासतौर से उत्तरी गोलार्ध में लगभग एक चौथाई भूमि क्षेत्र के नीचे पर्माफ्रॉस्ट है। जमीन जमी होने के बावजूद पर्माफ्रॉस्ट वाले क्षेत्र हमेशा बर्फ से ढके नहीं होते हैं।



साइबेरियाई परिदृश्य में एक किलोमीटर लंबे विशाल गहरे गड्ढे को गेटवे टू अंडरवर्ल्ड (पाताल लोक का द्वार) भी कहते हैं। यह गड्ढा जो पहली बार 1960 के दशक में दिखाई देना शुरू हुआ था, उस क्षेत्र में वनों की कटाई का परिणाम था जिसकी वजह से जमीनी बर्फ नष्ट हो गई और भूमि धंस गई।

बटागाइका क्रेटर के पास के स्थानीय लोग स्थानीय निवासी और रिसर्चर एरेल स्ट्रुचकोव ने रॉयटर्स को बताया कि स्थानीय लोग इसे गुफा कहते हैं। यह 1970 के दशक में विकसित हुआ, सबसे पहले ये एक गड्ढा था लेकिन धूप वाले दिनों की गर्मी में पिघलने से इसका विस्तार शुरू हो गया। स्थानीय लोगों ने भी गड्ढे की तीव्र वृद्धि पर ध्यान दिया है। उनका कहना है कि दो साल पहले जो किनारा रास्ते से 30 मीटर दूर था। स्थानीय लोग जिसे गेटवे टू अंडरवर्ल्ड कहते हैं, वैज्ञानिक उसे मेगा स्लंप यानी एक गिरावट कहते हैं। ये लगातार बढ़ रहा है और रूसी वैज्ञानिकों का कहना है कि ये देश दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कम से कम 2.5 गुना तेजी से गर्म हो रहा है।

इससे लंबे समय से जमा टुंड्रा भी पिघला रहा है, जो रूस के लगभग 65 प्रतिशत हिस्से को कवर करता है। ये एक खतरे का संकेत है। इससे उत्तरी और उत्तरपूर्वी रूस के शहरों और कस्बों में सड़कों में रुकावटें आ रही हैं, घर टूट रहे हैं और पाइपलाइनें बाधित हो रही हैं। मेलनिकोव पर्माफ्रॉस्ट इंस्टीट्यूट की शोधकर्ता निकिता तानानयेव का कहना है कि भविष्य में बढ़ते तापमान और उच्च मानवजनित दबाव के चलते हम और भी मेगा-स्लंप बनते देखेंगे, जब तक कि सभी पर्माफ्रॉस्ट खत्म नहीं हो जाते।

## चिंतन

# कोहरे ने मचाया कोहराम

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

देश में नए साल की शुरुआत कोहरे से हुई है। कोहरे ने देश के लगभग सभी प्रदेशों को अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे दिन के तापमान में भारी गिरावट आई है। विशेषकर उत्तर भारत में घने कोहरे और ठंड के कारण जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोहरे के चलते यातायात की रफ्तार भी थम गई है। मौसम विभाग के मुताबिक ’जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, यूपी, राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाया है। वहीं देश की राजधानी दिल्ली सहित मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, बिहार के अलग-अलग हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा छाया है। देश में कड़ाके की सर्दियों के साथ कोहरे का कोहराम भी देखने को मिल रहा है। बोलचाल की भाषा में धरातल पर बादल निर्माण की क्रिया को कोहरा कह सकते है। कोहरा और सर्दी का चोली दामन का साथ है। इस समय देश के कई प्रदेशों में कड़ाके की ठण्ड और सर्दी बढ़ गई है तो वहीं कोहरा भी लोगों को परेशान करने लगा है। सर्दियों के मौसम में कोहरा आम बात है। इसकी वजह से थम जाती है रोजमर्रा की रफ्तार। सर्दी के मौसम के साथ ही देश में कोहरे की समस्या से भी दो दो हाथ करने पड़ते है। विशेषकर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, हिमाचल, मध्य प्रदेश, सिक्किम, त्रिपुरा, दक्षिण असम और मणिपुर और राजस्थान के कुछ इलाके देश के सबसे कोहरा प्रभावित क्षेत्र हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कोहरा वास्तव में हवा में तैरती पानी या फिर बर्फ की बहुत ही महीन बूंदें हैं। नम ठंडी हवा का संपर्क जब ऊष्णता से होता है तो कोहरा बन जाता है। कोहरा धरती के बिलकुल करीब आ चुके बादल हैं। जब आर्द्र हवा ऊपर उठकर ठंडी होती है तब जलवाष्प संघनित होकर जल की सूक्ष्म बूंदें बनाती है। कभी-कभी अनुकूल परिस्थितियों में हवा के बिना ऊपर उठे ही जलवाष्प जल की नन्हीं बूंदों में बदल जाती है तब हम इसे कोहरा कहते हैं। तकनीकी रूप से बूंदों के रूप में संघनित जलवाष्प के बादल को कोहरा कहा जाता है।

सर्दियों में कैसे बनता है कोहरा? सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत के कई राज्य कोहरे की मोटी चादर में ढक जाते हैं। इसकी वजह से न केवल राहगीरों को बल्कि ट्रेन ड्राइवरों और एयरोप्लेंस के पायलटों तक को रास्ता ठीक से नहीं दिखाई देता। घने कोहरे के चलते लोगों को सुबह के वक्त गाड़ियों की लाइट जलानी पड़ती है। कोहरे के कहर ने सडकों पर दौड़ते वाहनों की न सिर्फ रफ्तार थम गयी बल्कि वाहनों में यात्रा करने बाले यात्रियों को दुर्घटनाओं का डर सताने लगा। वैसे तो इस मौसम में कोहरा पड़ना आम बात है लेकिन आखिर सर्दियों में इतना कोहरा आता कहाँ से है? देश के महानगरों में सर्दियों में ऊषाकाल एवं प्रातःकाल मे नमी वाले दिनों मे ऐसा कोहरा प्रायः छा जाता है। क्योंकि वायुमण्डल में धुआँ धूल एवं अन्य कण जल कणों को स्थिर रखने के लिए उपस्थित रहते है। इससे साइकिल या मोटर साइकिल चालक के कपडे. नम हो जाते हैं। गांवों के मुकाबले शहरों में कोहरा अधकि घना होता है क्योंकि शहरों की हवा में धूल और धुएं के कण अधकि होते हैं। ये कोहरे में मौजूद पानी की बूंदों के साथ मिलकर इसे गहरा बना देते हैं।

कोहरा के बारे में बताया जाता है यह अच्छा और बुरा दोनों है। कोहरा अधिक समय तक न रहे और सूर्योदय के बाद जल्द खत्म हो जाए तो फसल तथा पौधों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे फसलों में नमी बनी रहती है। पानी में ऊष्माधारण क्षमता अधिक होती है और कोहरे में पानी की बूंदें होती हैं, इसलिए कोहरा होने पर टेम्प्रेचर माइल्ड रहता है, जो फसलों को लाभ पहुंचाता है। जमीन पर रेंगने वाले कई जीव खासकर रेगिस्तानी इलाकों में रहने वाले कोहरे से मिलने वाली पानी की बूंदों पर ही जीवित रहते हैं। तटीय इलाकों में रहने वाले कई लोग खेतों में फॉग नेट लगाते हैं, ताकि कोहरे से पानी की बूंदें टूटकर फसलों पर गिरें। सैनिक कोहरे का फायदा उठाकर दुश्मनों को चकमा देते हैं।

कोहरे से हर साल हजारों फ्लाइट और ट्रेन कैंसिल होती हैं। सैकड़ों ट्रेन समय पर नहीं चल पातीं। दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली जाती है। व्यापार की रफ्तार धीमी होती है। इन सबसे अरबों रुपए का घाटा होता है। कोहरा छंटने के बाद कई बार शीत-लहर शुरू हो जाती है। अचानक तापमान गिरने से पाला पड़ने की आशंका होती है, जो फसलों को नष्ट कर देता है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जयशंकर ने नेपाल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक विचार-विमर्श किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



काठमांडू/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' से मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया।

इस साल अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत सुबह नेपाल पहुंचे जयशंकर ने प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके कार्यालय सिंहदरबार में मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामना प्रेषित की।

बैठक के बाद जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जून 2023 में हुई उनकी सफल भारत यात्रा का स्मरण किया जिसने हमारे संबंधों को नई गति प्रदान की है। उन्होंने कहा, भारत-नेपाल संबंध वास्तव में विशिष्ट हैं और हमारी साझेदारी क्रमिक रूप से सफलता की ओर बढ़ रही है। प्रचंड ने कहा कि आज की बैठक में दोनों नेताओं ने सदियों पुराने, विशिष्ट और बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया।

इससे पहले जयशंकर ने यहां राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में राष्ट्रपति पौडेल से शिष्टाचार भेंट की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में कहा, नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भारत-नेपाल संबंधों की मजबूती और विस्तार के लिए उनके मार्गदर्शन तथा भावनाओं को महत्व देता हूं।

राष्ट्रपति कार्यालय के एक सूत्र ने कहा, राष्ट्रपति पौडेल ने नेपाल और भारत के बीच संपर्क, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने तथा जलविद्युत के क्षेत्रों में साझेदारी व सहयोग की जरूरत पर जोर दिया।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सउद ने यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जयशंकर ने आज सुबह काठमांडू पहुंचने के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया, 2024 के अपने पहले दौरे के लिए फिर से नेपाल आकर खुश हूं। अगले दो दिन में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

भारत-नेपाल संयुक्त आयोग का गठन 1987 में हुआ था और यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में कहा, 'नेपाल, भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत उसका महत्वपूर्ण साझेदार है। यह दौरा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए है।

क्षेत्र में भारत के समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में उसके लिए नेपाल एक महत्वपूर्ण देश है और दोनों देशों के नेताओं ने सदियों पुराने 'रोटी-बेटी' के संबंध का अक्सर उल्लेख किया है।

## 'प्रीमियम' खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है वीवो

नई दिल्ली/भाषा। स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो ने 'वीवो एक्स100' श्रृंखला के फोन पेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य 'प्रीमियम' खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है।

वीवो की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई एक्स100 सीरीज में एक्स100 प्रो और एक्स100 शामिल है। ये जेडईआईएसएस कैमरे से लैस हैं और इसकी कीमत 63,999 रुपए से अधिक होगी।

वीवो इंडिया के उत्पाद प्रबंधन प्रमुख विकास टैंगरा ने कहा, एक्स100 श्रृंखला उपभोक्ताओं को बेहतरीन 'मोबाइल फोटोग्राफी' अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एक्स100 प्रो 89,999 रुपए में उपलब्ध होगा, जबकि एक्स 100 (12जीबी+256जीबी) 63,999 रुपए और 69,999 (16जीबी+512जीबी) रुपए में उपलब्ध होगा। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, वीवो देश में 'प्रीमियम' खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है।

प्रवक्ता ने कहा कि वीवो इस साल की शुरुआत में नोएडा में नई सुविधा में उत्पादन शुरू करने की प्रक्रिया में है।

### समारोह




भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य गुरुवार को रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पेरिस ओलंपिक 2024 क्वालीफायर मैचों से पहले झारखंड सरकार के साथ एमओयू हस्ताक्षर समारोह में तस्वीर खिंचवाती हुईं।

## प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप में 'स्नॉर्कलिंग' की, तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में लक्षद्वीप द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान समुद्र के नीचे के जीवन का पता लगाने के लिए 'स्नॉर्कलिंग' का लुत्फ उठाया।



मोदी ने 'एक्स' पर समुद्र के नीचे का जीवन पता लगाने संबंधी तस्वीरें पोस्ट कीं और अरब सागर में स्थित द्वीपों में प्रवास के अपने 'उत्साहजनक अनुभव' को साझा किया। उन्होंने लिखा, जो लोग रोमांचकारी अनुभव लेना चाहते हैं, लक्षद्वीप उनकी सूची में जरूर होना चाहिए। मेरे प्रवास के दौरान, मैंने स्नॉर्कलिंग की भी कोशिश की। यह कितना उत्साहजनक अनुभव था!''

'स्नॉर्कलिंग' एक लोकप्रिय गतिविधि है जहां आप समुद्र की सतह पर तैरते हुए उसके नीचे के समुद्री जीवन का पता लगाते हैं। स्नॉर्कलर्स अपनी दृष्टि के लिए एक मुखौटा पहनते हैं, सांस लेने के लिए एक स्नॉर्कल पहनते हैं, और कभी-कभी दिशा और गति के लिए पंख पहनते हैं। मोदी ने लक्षद्वीप के प्राचीन समुद्र तटों पर सुबह की सैर और समुद्र तट के किनारे कुर्सी पर बैठे फुर्सत के कुछ क्षणों की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। इसने मुझे यह सोचने का अवसर दिया कि 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण के लिए और भी कड़ी मेहनत कैसे की जाए।

मोदी कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन का उदघाटन करने और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा और पांच मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के नवीनीकरण की आधारशिला रखने के लिए दो और तीन जनवरी को लक्षद्वीप में थे। उन्होंने कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा, हाल ही में मुझे लक्षद्वीप के लोगों के बीच रहने का अवसर मिला। मैं अभी भी यहां के द्वीपों की आश्चर्यजनक सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से चकित हूं। मुझे अगाती, बंगाराम और कावारत्ती में लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मैं द्वीपों के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लक्षद्वीप में उनकी सरकार का ध्यान विकास के माध्यम से जीवन का उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य के बुनियादी ढांचे के निर्माण के अलावा, यह जीवंत स्थानीय संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, तेज इंटरनेट और पीने के पानी के अवसर पैदा करने के बारे में भी है। उन्होंने कहा, जिन परियोजनाओं का उदघाटन किया गया, वे इस भावना को दर्शाती हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र पर भव्य मंदिर और 'बालरूप प्रभु राम' की तस्वीर

अयोध्या/भाषा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता को प्रदर्शित कर रहे हैं, इसमें मंदिर की एक भव्य तस्वीर के साथ ही 'बालरूप प्रभु राम' की तस्वीर को भी दर्शाया गया है।

बड़े आकार और सुंदर डिजाइन वाले निमंत्रण पत्र में एक पुस्तिका भी है, जिसमें राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल रहे कुछ प्रमुख व्यक्तियों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या को सजाया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मंदिर के ट्रस्ट श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की आमंत्रितों की सूची में सात हजार से अधिक लोगों के नाम हैं, जिनमें पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, मौजूदा क्रिकेटर विराट कोहली, बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी व गौतम अडाणी शामिल हैं। मेहमानों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। ट्रस्ट के एक शीर्ष अधिकारी ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया ''निमंत्रण पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपवाए गए हैं। अतिथि सूची में बड़ी संख्या में साधु-संत और कुछ विदेशी आमंत्रित लोग भी शामिल हैं।

प्रत्येक निमंत्रण पत्र में मुख्य निमंत्रण पत्र, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पत्र, राम जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भूमिका निभाने वाले लोगों का परिचय देती एक पुस्तिका शामिल है। मुख्य निमंत्रण पत्र के कवर पर राम मंदिर की एक छवि है और इसके नीचे 'श्री राम धाम' और उसके नीचे 'अयोध्या' छपा हुआ है। मुख्य निमंत्रण पत्र के कवर पर ''अपूर्व अनादिक निमंत्रण (हिन्दी) भी छपा हुआ है।

इसमें यह भी उल्लेख है कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 12:20 बजे है और तारीख - सोमवार, 22 जनवरी, 2024 है।

# वरुण धवन की नई दुल्हनिया बनेंगी जाह्नवी कपूर!

मुंबई/एजेन्सी



वरुण धवन ने हम्पटी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया से खूब धमाल मचाया था। अब वरुण धवन दुल्हनिया फ्रेंचाइजी की अगली इंस्टॉलमेंट में तीसरी बार दुल्हा बनने वाले हैं हालांकि इस बार उनकी दुल्हनिया आलिया भट्ट नहीं होंगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस सीरीज की तीसरी फिल्म में वरुण धवन के साथ बवाल में नजर आ चुकी अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने आलिया भटट को रिप्लेस कर दिया है। पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के मुताबिक वरुण धवन के साथ 'बवाल' में स्क्रीन शेयर कर चुकीं जाह्नवी कपूर इस बार फ्रेंचाइजी की नई 'दुल्हनिया' होंगी। हालाँकि ये क्लियर नहीं हो पाया है कि आलिया हिट फ्रेंचाइजी में क्यों नहीं लौट रही हैं। हो सकता है कि डेट इश्यू की वजह से आलिया भट्ट ने दुल्हनिया 3 को ना कहा हो। अगर रिपोर्ट सच है, तो पिछले साल रिलीज हुई 'बवाल' के बाद वरुण और जाह्नवी कपूर एक बार फिर स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगें।

रिपोर्ट के मुताबिक शशांक खेतान 'दुल्हनिया 3' को डायरेक्ट करेंगे। रिपोर्ट की मानें तो दुल्हनिया 3 में एक अलग स्टोरी और किरदार होंगे और यह किसी भी तरह से पिछले पार्ट्स से कनेक्टेंज नहीं होगी। इससे पहले बद्रीनाथ की दुल्हनिया और हम्पटी शर्मा की दुल्हनिया की कहानी भी एक दूसरे से अलग थीं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और अगले कुछ महीनों में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। हालांकि धर्मा प्रोडक्शंस और करण जौहर ने अभी तक रिपोर्ट पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण धवन फिलहाल एटली के साथ थेरी के रीमेक में बिजी हैं। इसके अलावा वे सामंथा रूथ प्रभु के साथ सिटाडेल इंडिया में नजर आएंगे। वहीं जाह्नवी कपूर के पास सिद्धार्थ मल्होत्रा और टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्में हैं। उनके पास जूनियर एनटीआर के साथ देवारा भी है। ये फिल्म जाह्नवी की तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू फिल्म होगी।

## मैं सिर्फ पैसों के लिए मुन्नाभाई नहीं बनाना चाहता, कई स्क्रिप्ट अधूरी पड़ी हैं : हिरानी

मुंबई/एजेन्सी



निर्देशक राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी फिल्म डंकी को लेकर खासे चर्चाओं में हैं। इस फिल्म की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि इसने बॉक्स ऑफिस पर वो चमत्कारिक कमाई नहीं की है, जिसके लिए हिरानी जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म 200 करोड़ के आसपास पहुँच गई है, लेकिन शाहरुख खान के होने के बावजूद यह फिल्म औसत दर्जे की रह गई है। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने पीटीआई को एक साक्षात्कार दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि इन दिनों वे एक ओटीटी शो कर रहे हैं। अपने साक्षात्कार में हिरानी ने कहा, मैं एक ओटीटी शो कर रहा हूं, जिसकी शूटिंग हम वास्तव में इस महीने से शुरू कर रहे हैं। मैं इसका एक शो रनर हूं, मैं इसका निर्देशन नहीं कर रहा हूं। यह हॉटस्टार (डिज्नी हॉटस्टार) के लिए एक शो है और विक्रांत मैसी इसमें एक भूमिका निभा रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जिससे मैं स्क्रिप्ट और जिस तरह से इसे आगे बढ़ाया गया है, उससे बहुत खुश हूं। इस शो में, मैं वास्तव में शामिल हूं और यह मेरे अपने क्षेत्र में है। मुन्नाभाई श्रृंखला, 3 इडियट्स, पीके और बायोपिक संजू जैसी जीवन से जुड़ी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले हिरानी के पास कुछ फीचर विचार भी हैं जिन्हें वह आगे विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, सौभाग्य से, कोविड-19 ने हमें घर पर बैठने और अधिक स्क्रिप्ट पर काम करने का समय दिया। मैं अब एक या दो महीने में और अधिक स्क्रिप्ट पर काम कर रहा हूं और हम तय करना शुरू कर देंगे कि हम कहां जाएंगे। 3 इडियट्स बनाने से पहले, हिरानी को मुन्नाभाई श्रृंखला के तीसरे भाग का निर्देशन करना था, जिसका एक शीर्षक और एक टीज़र भी था, लेकिन वह इसके साथ आगे नहीं बढ़े। यह पूछे जाने पर कि क्या तीसरी किस्त अभी भी संभव है, हिरानी ने कहा कि यह कुछ समय से उनके दिमाग में है, लेकिन वह बिना किसी बेहतरीन कहानी के और अपनी पहली दो फिल्मों 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' की लोकप्रियता का फायदा उठाने के लिए इसका निर्देशन नहीं करना चाहते हैं।

### बैठक




नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एआईसीसी में पार्टी के महासचिवों/प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्षों और कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) नेताओं की बैठक में पार्टी नेताओं राहुल गांधी के साथ।

## 200 करोड़ के पार पहुँची 'डंकी'

मुंबई/एजेन्सी



शाहरुख खान का जलवा थिएटर्स में जमकर चल रहा है। ख्यातनाम निर्देशकों में शुमार राजकुमार हिरानी के साथ उनकी फिल्म 'डंकी' थिएटर्स में जनता की पसन्दीदा फिल्म बनी हुई है। इमोशंस के तगड़े डोज में कॉमेडी के तड़के के साथ आई ये फिल्म लगातार फैमिली ऑडियंस का दिल जीत रही है। पहले ही दिन से थिएटर्स में शानदार शुरुआत करने वाली 'डंकी' ने न्यू ईयर वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर जमकर माहौल जमाया। दूसरा वीकेंड होने के बावजूद फिल्म को सेलेब्रेशन वाले मूड का पूरा फायदा मिला और इसने दूसरे वीकेंड भी सॉलिड कमाई की। दमदार वीकेंड और सोमवार के बाद फिल्म की कमाई में बड़ी गिरावट आने की उम्मीद थी। मगर शाहरुख की फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर भरपूर दमदार बनी हुई है। अब फिल्म ने एक बड़ा बॉक्स ऑफिस लैंडमार्क पार कर लिया है।

'डंकी' को न्यू ईयर का पूरा फायदा मिला और सेलेब्रेशन वाले मूड में जनता की फेवरेट बनी इस फिल्म ने सोमवार के दिन भी 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया था। मंगलवार से वर्किंग डेज आते ही फिल्म की कमाई में कमी तो आई मगर 'डंकी' ने फिर भी 3.85 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। बुधवार को भी फिल्म लगभग मंगलवार के लेवल पर डटी रही। ट्रेड रिपोर्ट्स कहती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर अपने 14वें दिन शाहरुख की फिल्म ने 3 से 3.5 करोड़ के बीच नेट इंडिया कलेक्शन किया है। इसके साथ ही 'डंकी' का टोटल नेट इंडिया कलेक्शन 203 करोड़ से ज्यादा हो गया है।

'डंकी' को क्रिटिक्स से बहुत मिले-जुले रिव्यू मिले। ये शाहरुख की पिछली फिल्मों 'पठान' और 'जवान' की तरह एक्शन एंटरटेनर नहीं है, इस वजह से भी फिल्म की कमाई इन फिल्मों की तरह ग्रैंड नहीं है। मगर इमोशनल ड्रामा और फैमिली ऑडियंस को टारगेट करने के बावजूद 'डंकी' ने जैसी सॉलिड कमाई की है वो एक बड़ा कमाल है। दिमाग में तूफान ले आने वाला मसालेदार एंटरटेनमेंट न होने के बावजूद फिल्म ने 14 दिन में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'डंकी' 120 करोड़ के बजट में बनी फिल्म है। इस हिसाब से देखा जाए तो शाहरुख की फिल्म इंडियन बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हो चुकी है। 'पठान' और 'जवान' के बाद 'डंकी' से बॉक्स ऑफिस कामयाबी की हैट्रिक लगाकर शाहरुख ने अपने स्टारडम का तगड़ा लेवल दिखा दिया है।

# 'टॉक्सिक' में यश के साथ नजर आ सकती हैं करीना

मुंबई/एजेन्सी





केजीएफ चैप्टर 2 के बाद से रॉकिंग स्टार यश की अगली फिल्म का इंतजार दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही यश ने अपना अगला प्रोजेक्ट अनाउंस किया है जिसका टाइटल 'टॉक्सिक' रखा गया है। ये भी उनकी पिछली फिल्म की तरह एक ग्रैंड फिल्म नजर आ रही है। आलोचकों से जमकर तारीफ पा चुकीं निर्देशक गीतू मोहनदास इस फिल्म को निर्देशित करने जा रही हैं। यश की फिल्म का आना अपने आप में बड़े पर्दे पर बड़े धमाके की गारंटी है और अब मीडिया में आए समाचारों की मानें तो 'टॉक्सिक' की कास्ट और भी बड़ी होने जा रही है। इंडस्ट्री में ये चर्चा गर्म है कि बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक करीना कपूर खान, यश के साथ 'टॉक्सिक' में नजर आने वाली हैं।

करीना ने 24 साल पहले 'रिफ्यूजी' से फिल्मों में कदम रखा था। तब से अब तक वो पक्की बॉलीवुड एक्ट्रेस रही हैं और उन्होंने कभी साउथ की फिल्मों में काम नहीं किया है। बताया जा रहा है कि यश की 'टॉक्सिक' के मेकर्स करीना को फिल्म में लेने के लिए बहुत उत्सुक हैं और इस बारे में करीना से डिस्कशन भी शुरू कर चुके हैं। अगर करीना ये फिल्म साइन करती हैं तो ये उनका साउथ डेब्यू भी होगा। बताया जा रहा है कि यश और 'टॉक्सिक' के मेकर्स एक ऐसे नाम को फिल्म में लेना चाहते थे जो न सिर्फ इस प्रोजेक्ट को और बड़ा कर दे, बल्कि जिसके आने से फिल्म भी ज्यादा से ज्यादा ऑडियंस तक पहुंचे। इसीलिए करीना को अप्रोच किया गया है। पिछले साल आई नेटफ्लिक्स फिल्म 'जानेजां' में करीना के काम को बहुत पसंद किया गया था। कहानी में एक बच्ची की मां बनी करीना को क्रिटिक्स से खूब सराहना मिली और लोगों ने उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में स्क्रीन पर परफॉर्म करते देखा। इससे पहले करीना ने आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में काम किया था। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन करीना की एक्टिंग परफॉर्मेंस को हर रिव्यू में हाईलाइट किया गया था।

यश ने केजीएफ 2 में रवीना टंडन और संजय दत्त जैसे बॉलीवुड स्टार्स के साथ काम किया था और वो बॉलीवुड स्टार्स के साथ काम करने के लिए काफी ओपन रहते हैं। गीतू मोहनदास के निर्देशन को क्रिटिक्स बहुत पसंद करते हैं और ऐसे में अगर करीना, यश के साथ 'टॉक्सिक' साइन करती हैं तो फिल्म के लिए जनता की एक्साइटमेंट बहुत बढ़ जाएगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अहिंसा धर्म परमात्मा का धर्म है। जहां पर अहिंसा है, वहां पर अमृत है, जहां पर हिंसा है वहां पर विष है, जहां पर अहिंसा की प्राण-प्रतिष्ठा होती है वहां का वातावरण भय मुक्त हो जाता है। परमात्मा में परमाणुओं का दिव्य प्रभाव हुआ करता है, बकरी और शेर भी एक साथ बैठकर निर्भय होकर परमात्मा की वाणी को श्रवण करते थे। जहां पर अहिंसा, करुणा और मानवता की भावना होती है वहां पर उनका जीवन धन्य हो जाता है। अहिंसा की प्रतिमूर्ति थी साध्वीश्री यंशकवरजी।



# चंदादेवी डागा प्रेक्षा सेवा संस्कार पुरस्कार से सम्मानित हुए प्यारेलाल पितलिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बहुमुखी प्रतिभा के धनी, जनप्रिय समाज सेवक, उद्योगपति प्यारेलाल पितलिया को सेवा के क्षेत्र में तेरापंथी सभा चेन्नई द्वारा तैनामपेट स्थित कामराज अरंगम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित चंदा देवी डागा प्रेक्षा सेवा संस्कार पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। तेरापंथ सभा चेन्नई द्वारा पितलिया को सम्मान स्वरूप अभिनंदन पत्र तथा इक्कीस हज़ार का चेक प्रदान किया गया। उदार हृदय पितलिया ने सम्मान में प्राप्त प्रशस्ति पत्र को शिरोधार्य करते हुए पुरस्कार राशि में स्वयं की ओर से एक लाख रुपये की राशि मिलाकर तेरापंथी सभा चेन्नई को ससम्मान समर्पित कर दिया।



पितलिया ने हृदयोद्गार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में आये उतार-चढ़ाव से प्राप्त खट्टे-मीठे अनुभवों ने उनके जीवन की धारा को समाज सेवा की और मोड़ दिया।अब उन्हें परोपकारी कार्य इतने रुचिकर लगते हैं कि उन्हें सम्मान की कोई चाह नहीं रह गयी। फिर भी प्राप्त सम्मानों को जनता का स्नेह प्रसाद समझकर अत्यंत आदर के साथ शिरोधार्य करते हैं। उन्होंने उपस्थित जनता को यथासंभव-यथाशक्ति परमार्थ कार्य करने की प्रेरणा दी।

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार द्वारा क्रमशः सात बार भामाशाह सम्मान से अलंकृत प्यारेलाल पितलिया ऐसे व्यक्तित्व के द्योतक है जिन्होने अपनी संघीय सेवाएं व जनोपकार की अनेक उदात्त योजनाओं में संजीदा कर्तृत्व का निर्वहन किया है। तमिलनाडु राज्य अल्पसंख्यक आयोग में तीसरी बार सदस्य के रूप में नियुक्ति आपके व्यक्तित्व की प्रखरता,सामाजिक प्रतिष्ठा, व्यापक लोकप्रियता और तमिलनाडु की राजनीति में आपके प्रभाव का परिचायक है।



# बसवनगुड़ी में हुआ मुमुक्षु कांतादेवी का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में साध्वीश्री सुलोचनाश्री की निश्रा में मुमुक्षु कांतादेवी जैन का सम्मान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छ, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रकुमार रांका, प्रवक्ता अरविन्द कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुमुक्षु का सम्मान किया। इस अवसर पर राजेन्द्रकुमार गुलेच्छा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

संघ के ललित डाकलिया ने मुमुक्षु का आगामी संयम जीवन निष्कंटक बने ऐसी शुभेच्छा के साथ बताया कि मुमुक्षु कांतादेवी जैन की भगवती दीक्षा शत्रुंजय तीर्थ में 19 फरवरी को खरतर गच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीजी की आज्ञानुवर्तिनी साध्वीश्री सुलोचनाश्री व सुलक्षणाश्रीजी की सान्निध्यता में होगी। इस अवसर पर लाभचन्द मेहता, पारसमल पगारिया, पुखराज कवाड के साथ दादावाड़ी संघ से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के बसवेश्वरनगर के वीर कन्नड़िगरा युवक संघ द्वारा बसवेश्वरानगर हब्बा का आयोजन किया जिसमें मां भुवनेश्वरी की विशेष झांकी सजाई गई। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महेन्द्र मुणोत ने मां भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की।



# नि:शुल्क कटे होंठ और तालू की प्लास्टिक सर्जरी 11 व 12 जनवरी को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय जैन संगठन चेन्नई और राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा आयोजित प्लास्टिक फ्री सर्जरी शिविर 11 और 12 जनवरी को ट्रिनिटी एक्यूट केयर हॉस्पिटल मायलापुर चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। इस सर्जरी के लिए अमेरिका के मशहूर प्लास्टिक सर्जन डॉ. लैरी विंस्टीन आ रहे हैं। डॉ. आर. जयचंद्रनजी और डॉ. अविनाश की पूरी टीम से उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा। शिविर समन्वयक अजय नाहर ने बताया कि जो लोग कटे होंठ, तालू अटकना, तालू में कप बनना, जीभ फंसना, नाक की विकृति, जन्मजात से पीड़ित हैं। चेहरे, जबड़े, कान और सिर की विकृति, इन सभी की मुफ्त सर्जरी होगी।

इस नि:शुल्क सार्वजनिक सेवा अभियान में हमें सुभाष रांका, अशोक मूंदड़ा, मंगल चंद तातेड़ से वित्तीय सहायता मिली, और विभिन्न व्यक्तिगत लोगों ने भी जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए बिना किसी पंथ मतभेद और जाति भाव के इस नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर को बनाने में पूर्ण समर्थन देने के लिए स्वैच्छिक योगदान दिया है।

इस शिविर को सफल बनाने के लिए बीजेएस तमिलनाडु प्लास्टिक सर्जरी के राज्य प्रमुख अजय नाहर, उपाध्यक्ष दौलत राज बंटिया, पूर्व तमिलनाडु अध्यक्ष राजेंद्र दुगड़, बीजेएस चेन्नई अध्यक्ष आकाश, सचिव नरेंद्र संघवी राखी वाला, और महावीर परमार, उषा बोहरा, सुरभि बैद, कुशल राज बांठिया, राजस्थानी एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनलाल बजाज, सचिव देवराज आच्छा एवं रिखबचंद बोहरा 11 एवं 12 जनवरी को नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर की तैयारी में जुटे हुए हैं। समस्त समाजजनों से अनुरोध है कि यदि किसी को भी इस प्रकार की कोई समस्या आती है तो कृपया दिए गए संपर्क नंबर 9940580006 एवं 9600008060 पर अपना पंजीकरण करवाएं।

# आदिनाथ सेवा केंद्र में चार दिवसीय सामूहिक महामंगलकारी अट्ठम तप का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा विश्व शांति हेतु श्री पुरुषादानीय पार्श्वनाथ भगवान के 2901वें जन्म कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में चूले स्थित आदिनाथ सेवा केंद्र में सामूहिक महामंगलकारी अट्ठम तप का आयोजन किया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आचार्य श्रीमद् विजय उदयप्रभ सूरीश्वर जी म. सा., युगोदयप्रभ सुरीश्वर म. सा., विरतीप्रभा जी म.सा. सहित अनेक साधुसंतों की निश्रा प्राप्त होगी।

सोमवार, 8 जनवरी को तपस्वियों के पारणे का आयोजन होगा। इस सम्पूर्ण महोत्सव पारणा एवं सम्मान के लाभार्थी शा. हुल्लासमल प्रमोदकुमार मनीषा चोरड़िया परिवार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रसन्न मालू,मनोज जैन, किशोर छाजेड सहित अनेक गणमान्य लोग लगे हुए हैं।

# सफलता के लिए विरोधी नहीं, सहयोगी बने : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाणावर। स्थानीय जैन श्वेतांबर संघ में पहुंचे आचार्य महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने श्रद्धालुओं से कहा कि इस संसार में बाहर के लोग हर बात पर टिप्पणी करते हैं। आचार्यश्री ने कहा कि हमें अपना कार्य पूरे श्रम व निष्ठा से करना चाहिए, क्योंकि सफल व्यक्ति के बारे में कोई भी चर्चा नहीं करता परन्तु कुझ गलत हो जाए तो पूरी दुनिया चर्चा करती है। सफल होने के लिए हमें बस और बस कार्य करना चाहिए वो भी पूरी लगन से, तभी सफलता हमें प्राप्त होगी। इस संसार में हर व्यक्ति को दूसरे की निंदा व दूसरे के बारे में बात करना अच्छा लगता है परन्तु सहयोग की भावना कोई नहीं रखता। जबकि होना चाहिए कि हम सबके सहयोग के लिए तत्पर रहे तभी आगे चलकर हमें भी सहयोग मिलेगा।



# यशवंतपुर तेरापंथ भवन में 'मां का दिशाबोध-बेटी की उड़ान' नामक कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल यशवंतपुर द्वारा कार्यशाला 'मां का दिशाबोध-बेटी की उड़ान' नामक कार्यशाला यशवंतपुर भवन में आयोजित हुई। मंत्री लाडली मुथा ने नारी लोक का वाचन किया। कन्या मंडल संयोजिका नेहा पोखरना ने वक्ता सिद्धि जैन का परिचय दिया। सिद्धि जैन ने ' मां एक अच्छी और सच्ची मित्र' विषय पर समझाते हुए मां बेटी के भावनात्मक रिश्ते को विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि मां की एक शुभ सलाहकार बेटी ही है। एक दूसरे की प्राथमिकता को समझकर उडान भरनी है। छोटे छोटे कदम से मां बेटी को और बेटी अपनी मां को सिखाती है। समता, विनय, विवेक सिखाती है मां जिससे वह लक्ष्य को प्राप्त करती है। इसी तरह मां के लक्ष्य को प्राप्त करने मे बेटियां भी सहयोगी बनती है। सिद्धि जैन ने कहा कि मां बेटी को एक दूसरे साथ में ऐसा वक्त बिताए जिसमें एक दूसरे के अनुभव को साझा करे, यह एक प्रेरणा देने वाला वक्त बनता है। कृतज्ञता के भावों को साथ चलकर लक्ष्य को प्राप्त करे। कार्यक्रम में शामिल 11 मां और बेटी की जोडियों ने एकदूसरे के बारे में अनुभव साझा किए। संचालन प्रीति गादिया ने किया। रेखा पोखरना ने धन्यवाद दिया।



# सेवा करने वाले में साक्षात भगवान का वास होता है : राज दीदी

## 'आजीवन खुश रहने के मंत्र' कार्यक्रम में गूंजा सेवा का मंत्र माहेश्वरी महिला संगठन ने आयोजित किया कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। माहेश्वरी सभा के अंतर्गत माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में 'आजीवन खुश रहने का मंत्र' नामक एक कार्यक्रम गुरुवार को सुबह 9.30 बजे से रिचमंड टाउन के गुड शेपर्ड आडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नारायण रेकी की संस्थापिका व वक्ता राजेश्वरी मोदी 'राज दीदी' जीवन को जीने के सकारात्मक व सार्थक तरीके से जीने का तरीका बताया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेश्वरी मोदी 'राज दीदी' के साथ माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष श्वेता बियानी, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नवल मालू, माहेश्वरी युवा संघ के अध्यक्ष दीपक मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संगठन की सदस्याओं व पारिवारिक सदस्यों ने भक्तिरस से ओतप्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। महिला मंडल की अध्यक्ष श्वेता बियाणी व सभा के अध्यक्ष नवल मालू ने राज दीदी का सम्मान किया। मंत्री निर्मला कांकणी ने सेविका विद्या शास्त्री व विनिता कन्दोई का सम्मान किया।

नारायण रेकी सत्संग परिवार की प्रमुख राज दीदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को कर्त्तव्य और जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाना चाहिए। ऐसा करने से हक व अधिकार अपने आप पीछे आ जाते हैं। हमें जीवन में कभी भी किसी को मूर्ख न बनाना चाहिए, चाहे तो स्वयं मूर्ख बन जाएं। अच्छे कम से घर में खुशहाली आती है। अच्छी बातों के साथ अच्छे कर्म के अच्छे परिणाम आते हैं। अच्छी बातों की हमेशा चर्चा करनी चाहिए और खुशियों को सेलिब्रेट करना चाहिए। राजेश्वरी मोदी ने कहा कि माता-पिता की सेवा से जीवन में नाम, शान और पैसा सब कुछ मिलता है। माता पिता की सेवा प्रभु सेवा से भी बढ़कर होती है। माता पिता के चरणजल प्रभु के चरणामृत से ज्यादा गुणकारी व लाभकारी होता है। यदि हमें जीवन में प्रगति व सफलता पानी है तो हमें अपने अपने मातापिता की कद्र, सेवा, सम्मान व आदर करना चाहिए। राज दीदी ने अनेक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सेवा का कोई विकल्प नहीं होता है। यदि हमारे परिवार में बड़े बुजुर्ग खुश है तो हमारे भगवान भी हमारे ऊपर अवश्य ही प्रसन्न होंगे। प्रकृति हमेशा हमारी प्रार्थना व प्रयासों को खाली नहीं जाने देती, प्रकृति हमें हमेशा भर भर कर देती है। हम इंसान या मानव तो जन्म से है परन्तु हमारे अंदर यदि मानवता या इंसानियत होगी तभी हम सच्चे मानव हो बन सकते हैं। राज दीदी ने बताया कि सेवा करने का कोई समय, उम्र, जाति या अवसर नहीं होता, सेवा के लिए केवल मन में भाव होने चाहिए।

सेवा के लिए साधन नहीं अपितु मन और इच्छा होनी चाहिए। सेवा करने वाले में साक्षात भगवान का वास होता है। राज दीदी ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए क्योंकि रक्तदान से व्यक्ति का जीवन बचता है। इस संसार में हर व्यक्ति खुश रहना चाहते है परन्तु सभी की खुशी की परिभाषा अलग अलग है। राज दीदी ने कहा कि जीवन में ईमानदार व वफादार होना चाहिए क्योंकि ईमानदारी हर सफलता की कुंजी है। हमें शिकायत नहीं दूसरों का शुक्रिया करना चाहिए। हमें दूसरों को खुश करने का कार्य करना चाहिए तभी भगवान हमें खुश रहने का मंत्र देंगे। जीवन में अच्छे काम करने से अच्छे परिणामों की प्राप्ति होती है। दूसरों को खुश करने से ही हम खुश हो सकते है क्योंकि प्रकृति का नियम है कि हम जैसा देंगे हमें भी वैसा ही प्राप्त होगा।

कार्यक्रम का संचालन अनुश्री मालु व श्वेता झंवर ने किया। सभा के पूर्व अध्यक्ष निर्मल तापड़िया, अध्यक्ष नवल मालू, उपाध्यक्ष भगवानदास लाहोटी, मंत्री अजय राठी, भरत जाजू, विनीत बियानी सहित युवा संघ के उपाध्यक्ष विवेक भूतड़ा, सचिव प्रतीक शाह आदि सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। एनआरएसपी की प्रमुख शुभांगी अग्रवाल, कनिष्का पोद्दार ने कार्यक्रम में सहयोग किया। पूर्व अध्यक्ष कांता काबरा, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी सारड़ा, कोषाध्यक्ष शोभा भूतड़ा, सुलोचना जाजू, पूजा मालानी, बिंदु गिलड़ा, सुनीता मूंदड़ा, रितू चितलांग्या ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद दिया।



# सुनील शर्मा बने शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के मुख्य कार्यवाहक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज की विशेष साधारण सभा बुधवार को क्लासिपाल्या में आयोजित हुई। कार्यक्रम में समाज के चिरप्रतीक्षित सपने अपने आराध्य भुवन भास्कर भगवान के मंदिर निर्माण के लाभार्थी शर्मा परिवार के सुनील शर्मा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। बैठक में उपस्थित समाज के सैकड़ों सदस्योंने वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा समाज के कार्यों में उदासीनता दिखाने पर समाज ने वर्तमान कार्यकारिणी समिति के प्रति अविश्वास प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से आगामी चुनाव तक समाजसेवी सुनील शर्मा को समाज के मुख्य कार्यवाहक के पद पर मनोनीत किया तथा अपनी कार्यवाहक कार्यकारिणी मनोनीत करने हेतु भी अधिकृत किया गया। सुनील शर्मा को समाज का मुख्य कार्यवाहक मनोनीत किए जाने पर खुशी की लहर छा गई। इस मौके जेठमल शर्मा, जयप्रकाश भोजक, सुरेश शर्मा, बाबूलाल पांचेटिया, धर्मेश भोजक, चेतन शर्मा, बाबूलाल बेड़ा, किशोर शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, हुकमचंद, विजयकुमार, जितेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा, अरुण शर्मा, अशोक शर्मा, भूपेश कश्यप, भरत शर्मा, ललित शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.